महानगर नई दिल्ली रविवार 29 सितंबर, 2024, रु. 6.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

## चुनावी बांड के जरिए जबरन उगाही का आरोप

# वित्त मंत्री सीतारमण पर एफआइआर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

अब समाप्त हो चुकी चुनावी बांड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया है। उधर, इस खबर के सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

पुलिस के अनुसार, बंगलुरु की एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरन वसूली के लिए सजा), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 34 (सामान्य इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा किए गए कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।



*यह* शिकायत जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने चुनावी बांड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का फायदा उठाया।
*बंगलुरु* की विशेष अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ मामला, वहीं यह मामला सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बांड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी बांडकी आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी में चुनावी बांड योजना को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है।

उधर, इस खबर के सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कर्नाटक भाजपा पर निशाना साधा और सवाल किया कि वे कथित 'घोटाले' के सिलसिले में सीतारमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कब शुरू करेंगे और उनसे इस्तीफा मांगेंगे।

वहीं, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि निर्मला सीतारमण को इस्तीफा क्यों देना चाहिए? क्या चुनावी बांड का पैसा निर्मला सीतारमण के निजी खाते में गया है? क्या उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग किया है और आप (सिद्धरमैया) की तरह खुद को लाभ पहुंचाया है? विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय वित्त मंत्री पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि मुद्दा खत्म हो गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को हिसार के नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन हवाईअड्डे पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ। – खबर पेज 10

## पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए कश्मीर को खाली करे : जयशंकर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को दो टूक कहा कि पाकिस्तान को अवैध रूप से कब्जाए गए कश्मीर (पीओके) को जल्द खाली कर देना चाहिए। दोनों देशों के बीच अब केवल यही एक मुद्दा सुलझाया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने की नीति को सफल नहीं होने दिया जाएगा।



संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा कि कई देश अपने नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण पीछे छूट जाते हैं। लेकिन कुछ देश जानबूझकर ऐसे फैसले लेते हैं, जिनके परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका एक बेहतरीन उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। दुर्भाग्य से उसकी नापाक हरकतों का असर दूसरों पर भी पड़ता है, खास तौर पर पड़ोसी देशों पर। जब ऐसे देश अपने लोगों में कट्टरता भरते हैं, तो उनकी अर्थव्यवस्था को केवल कट्टरता बाकी पेज 8 पर

# इजराइली हवाई हमले में मारा गया हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह


## घटना के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

दक्षिणी बेरूत पर शुक्रवार को इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में हिजबुल्लाह का प्रमुख हसन नसरल्लाह मारा गया। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को देश के ही भीतर एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। इजराइली सेना ने कहा कि उसका हवाई हमला सटीक था और दहियाह में हिजबुल्लाह के मुख्यालय को तब निशाना बनाया गया, जब वहां इस संगठन के शीर्ष नेता बैठक कर रहे थे।

हमले को लेकर इजराइली सेना ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हसन नसरल्लाह अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा।' इजराइल के दावों के कुछ घंटों के बाद लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक हसन नसरल्ला के इजराइली हवाई हमले में मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की।

इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। हमलों के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अचानक अपना अमेरिका दौरा बीच में ही छोड़कर वापस लौट गए। हमलों के कुछ ही घंटे पहले उन्होंने बाकी पेज 8 पर



हसन नसरल्लाह

*हमले* को लेकर इजराइली सेना ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'हसन नसरल्लाह अब दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा।'
*इजराइल* के दावों के कुछ घंटों के बाद लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने अपने नेता के मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की।



दक्षिण बेरूत में इजराइली हमले के बाद उठतीं लपटें।

### ईरान के रिवाल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल अब्बास की भी मौत

*ईरान* ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित उसके अर्धसैनिक बल रिवाल्यूशनरी गार्ड के एक प्रमुख जनरल की भी बेरूत में हुए उस हवाई हमले में मौत हो गई, जिसमें हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्ला मारा गया। ईरानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। जनरल अब्बास निलफोरुशान की हत्या ईरान के लिए नवीनतम क्षति है।

# कठुआ में पुलिसकर्मी शहीद, कुलगाम में चार जवान घायल

## मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, एक अधिकारी भी जख्मी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर हो गए जबकि एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया और चार जवान व एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। पहली मुठभेड़ कुलगाम में हुई। जिसमें दो आतंकी ढेर हो गए जबकि एक अधिकारी और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। वहीं, कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था और इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुमताज अली मामूली रूप से घायल हो गए हैं। आतंकवाद रोधी अभियान में शामिल चार सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। दो आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी को लेकर सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। सुरक्षा बल जैसे ही संदिग्ध स्थान पर पहुंचे, आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी में दो आतंकी ढेर हो गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है। जबकि एक पुलिस अधिकारी समेत चार सुरक्षा बल के जवान घायल हो गए। वहीं, कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े पांच बाकी पेज 8 पर



कुलगाम में मुठभेड़ स्थल पर सैन्यकर्मी।

*पुलिस* ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था और इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी में दो आतंकी ढेर हो गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है।

# दिल्ली में पिता व चार बेटियां मृत मिलीं, आत्महत्या की आशंका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में वसंत कुंज के रंगपुरी पहाड़ी इलाके में शुक्रवार सुबह एक किराए के कमरे में चार दिव्यांग बेटियों के साथ एक शख्स मृत अवस्था में मिला। चारों बेटियों के गले और कमर पर कलावा धागा लिपटा हुआ था। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस इसे सामूहिक आत्महत्या का मामला मान रही है। हालांकि, अन्य कोण से भी इस मामले की तफ्तीश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान 46 वर्षीय हीरालाल शर्मा और 26 वर्षीय नीतू, 24 वर्षीय निक्की, 23 वर्षीय नीरू व 20 वर्षीय निधि के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया है और इसके लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने की बात बाकी पेज 8 पर

*वसंत* कुंज के रंगपुरी इलाके की घटना, बेटियों के गले में लिपटा मिला कलावा धागा।
*पुलिस* मामले की जांच में जुटी, शवों के पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड गठित।

## पश्चिम बंगाल के एक अस्पताल में डाक्टरों-नर्सों पर हुआ हमला

# कल से फिर काम बंद कर देंगे कनिष्ठ चिकित्सक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

पश्चिम बंगाल के कनिष्ठ चिकित्सकों ने सोमवार को आरजी कर मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद फिर से काम बंद कर हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। कनिष्ठ चिकित्सकों ने शनिवार रात को यह एलान करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही है।

कोलकाता के पास तीन डाक्टरों और तीन नर्सों पर हुए हमले की घटना इसका ताजा उदाहरण है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बंगाल के कनिष्ठ चिकित्सकों के संगठन ने कहा कि वे राज्य भर के मेडिकल कालेजों व अस्पतालों में पूरी तरह से काम बंद कर देंगे। चिकित्सकों ने यह फैसला शुक्रवार रात कोलकाता के पास कालेज आफ मेडिसिन और सागर दत्त अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद तीन डाक्टरों और तीन नर्सों पर हमले के बाद लिया है। चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि सागर दत्त अस्पताल में हुए हमले से पता चलता है कि राज्य सरकार उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के अपने वादे को निभाने में पूरी तरह से विफल रही है।

कनिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि वे सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आरजी कर अस्पताल मामले में स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के संबंध में दलीलें सुनना चाहते हैं। उसके बाद शाम पांच बजे से वे पूरे बंगाल के सभी अस्पतालों में काम बंद कर देंगे।

गौरतलब है कि कनिष्ठ चिकित्सक 42 दिनों के अंतराल के बाद 21 सितंबर को पश्चिम बंगाल के विभिन्न बाकी पेज 8 पर

*जूनियर* डाक्टरों ने दावा किया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही है।
*पुलिस* ने हमले के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## जनसत्ता प्रश्नकाल

### राजनीति में धर्म और जाति के अतिरेक को रोकने का समय



*मेरठ* से भाजपा के सांसद अरुण गोविल ने कहा कि राम की भूमिका में लोकप्रिय होने के बाद उन्हें इस बात का पूर्ण अहसास था कि जनता उन्हें नहीं, अपनी आस्था को प्रणाम करती है। राम-मंदिर का निर्माण किसी भी तरह राजनीति का मसला नहीं होना चाहिए। पेज 7

## पाक को सीमा पार आतंक के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने होंगे : भारत

नई दिल्ली, 28 सितंबर (ब्यूरो)।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका 'हाथ रहा' है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के 'परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे।'

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने 'जवाब देने के अधिकार' का शुक्रवार को इस्तेमाल किया।

–पूरी खबर पेज 15

इस साल 15 से 25 सितंबर के बीच का आकलन | **प्रदूषण की चिंता** | पिछले साल पंजाब में आठ मामले सामने आए थे, इस बार 93

# हरियाणा-पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं पांच से 11 गुना बढ़ीं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में इस बार सर्दियों में लोगों को वायु प्रदूषण से ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ सकती है। क्योंकि, पंजाब व हरियाणा में इस माह पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि 15 से 25 सितंबर तक पंजाब में धान की पराली जलाने की घटनाएं पिछले साल की समान 10 दिनों की अवधि की तुलना में 11 गुना अधिक दर्ज की गई हैं। वहीं, हरियाणा में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पांच गुना अधिक पराली जलाने के मामले सामने आए हैं।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में इन दस दिनों में पराली जलाने की कुल 93 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि इस अवधि में पिछले साल केवल आठ घटनाएं ही हुई थीं। वहीं, हरियाणा में पिछले साल पराली जलाने की मात्र 13 घटनाएं हुई थीं, जो इस साल बढ़कर 70 तक पहुंच गई हैं। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में हुई बेतहाशा वृद्धि की वजह से आयोग को आपात बैठक बुलानी पड़ी है।



फाइल फोटो

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने गत शुक्रवार को आयोग की रपट पर गौर करने के बाद कहा कि आयोग ने कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन इसमें और अधिक सक्रियता से काम करने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके प्रयास और जारी किए गए निर्देश वास्तविकता में प्रदूषण की समस्या को कम करने में कारगर साबित हों। आयोग ने दोनों राज्यों में सबसे अधिक पराली जलाने वाले तीन जिलों की पहचान की है। इनमें पंजाब में अमृतसर, गुरदासपुर और तरनतारण हैं, जबकि हरियाणा में करनाल, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर जिले में धान की पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं।

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में पराली जलाने की कुल 93 घटनाओं में से 58 घटनाएं अकेले अमृतसर में दर्ज की गई हैं। सात मामलों के साथ जिला गुरदासपुर दूसरे स्थान पर है। इसके अलावा तरनतारण व कपूरथला से छह-छह, एसएएस नगर से पांच, फिरोजपुर व जलंधर से चार-चार, संगरूर से तीन और एसबीएस नगर, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला व रूपनगर में एक-एक मामले पराली जलाने के सामने आए हैं। इसी तरह हरियाणा की कुल 70 घटनाओं में से पराली जलाने की 31 घटनाएं केवल करनाल में सामने आई हैं। आपात समीक्षा बैठक में राज्य सरकारों और सबसे अधिक पराली जलाने की घटनाओं वाले जिलों के उपायुक्तों को सतर्क किया गया है।

आयोग के अनुसार, इस बात पर जोर दिया गया कि विभिन्न गांवों या खंडों के लिए नोडल और पर्यवेक्षी अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। मामलों में वृद्धि के मद्देनजर आयोग ने एक पत्र लिखकर पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को एक विस्तृत कार्रवाई रपट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसमें पंजाब के अमृतसर और हरियाणा के करनाल जिला के विवरण का विशेष उल्लेख करने को कहा गया है।

www.readwhere.com

## खबर कोना



नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी।

### अब रात में भी होगी चांदनी चौक की सफाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

महापौर शैली ओबेराय ने अगले सप्ताह से चांदनी चौक मार्केट में रात में भी सफाई शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहली बार चांदनी चौक में ऐसी पहल की जा रही है। महापौर शैली ओबेराय ने शनिवार को चांदनी चौक क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर क्षेत्र के पार्षद पुनरदीप सिंह साहनी और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी भी थे। निरीक्षण का उद्देश्य चांदनी चौक में सफाई और स्वच्छता से संबंधित चिंताओं का समाधान करना था। निरीक्षण के क्रम में महापौर को लाल किला और फतेहपुरी मस्जिद रोड के बीच असंतोषजनक सफाई की स्थिति के बारे में निवासियों और विक्रेताओं से कई शिकायतें मिलीं। जवाब में महापौर ने एमसीडी अधिकारियों को सुबह और दोपहर की शिफ्ट के अलावा रात की शिफ्ट की सफाई के लिए एक समर्पित टीम तैनात करने का निर्देश दिया।

### अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

संगम विहार थाना में एक अपार्टमेंट के पांचवीं मंजिल से गिर कर एक छात्रा की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को शनिवार दोपहर करीब 12:35 बजे मिली थी। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी बत्रा अस्पताल से मिली थी। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि 19 साल की छात्रा, जो कि बीडीएस की पढ़ाई कर रही थी। बत्रा अस्पताल से मजेदिया अस्पताल रेफर किया गया था, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि छात्रा अपने परिवार के साथ रतिया मार्ग, संगम विहार में रहती थी। वह बीडीएस की प्रथम वर्ष की छात्रा थी। उसके पिता एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। छानबीन के दौरान पता चला कि ओम अपार्टमेंट पांचवी मंजिल से छात्रा नीचे गिर गई थी। घटना के बाद परिजन उसे पास के बत्रा अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से उसे मजेदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया था, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि छात्रा के शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है और मौके से क्राइम और एफएसएल की टीमों ने सबूत जुटाए हैं और आगे की जांच की जा रही है।

### डीडीए आवास योजना : अब तक 1200 से अधिक एलआइजी घरों की हुई बिक्री

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सस्ता घर और मध्यम आवास योजना के तहत अब तक 1200 से अधिक एलआइजी और 440 ईडब्ल्यूएस घरों की बिक्री हुई है। एक आधिकारिक बयान के जरिए शनिवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि रामगढ़ में स्थित 183 घरों में 153 की ब्रिकी हो चुकी है। वहीं, रोहिणी में 708 और नरेला के 250 घरों की बुकिंग हुई है। बयान के मुताबिक ईडब्ल्यूएस श्रेणी में नरेला में लगभग 300 घर बिक चुके हैं और लोकनायकपुरम में सभी 139 घर बुक हो चुके हैं। इसमें कहा गया है कि 10 सितंबर को बुकिंग के पहले दिन से ही इस योजना को शानदार प्रतिक्रिया मिली है और जसोला में पेश सभी एचआइजी घर पहले दिन ही बिक गए।

# चौदह घंटे में तीन प्रतिष्ठानों के बाहर गोलीबारी, व्यापारी सहमे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

**हमलावरों ने घटना स्थल पर फेंकी पर्ची, व्यापारियों से रंगदारी मांगी। वसंत कुंज स्थित एक होटल पर की गोलीबारी, टूटे होटल के कांच।**

नारायणा स्थित पुरानी लग्जरी कारों के एक शोरूम पर शुक्रवार शाम को गोलीबारी किए जाने के कुछ घंटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की दो और घटनाएं राजधानी में घटीं। अज्ञात हमलावरों ने शुक्रवार शाम करीब 7:30 बजे कार शोरूम पर ताबड़तोड़ दस गोलियां बरसा कर दहशत फैलाई थी। वहीं, शुक्रवार देर रात करीब 03:28 बजे बजे अज्ञात हमलावरों ने महिपालपुर इलाके में एक होटल को निशाना बनाया।

वहीं, मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात हमलावरों ने नांगलोई के सुल्तानपुर मोड़ पर एक मिठाई की दुकान पर शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे गोलीबारी कर राजधानी में 14 घंटे के भीतर तीसरी बार दहशत फैलाई। गनीमत रही कि गोलीबारी की तीनों घटनाओं में कोई घायल नहीं हुआ है। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस मान कर चल रही है कि इन घटनाओं के पीछे का कारण जबरन वसूली हो सकती है। फिलहाल पुलिस ने कई टीमें गठित की गई हैं, जो हमलावरों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी कर तलाश की जा रही है।

द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने शनिवार को बताया कि सूर्य प्रताप सिंह महिपालपुर स्थित एक होटल में प्रबंधक के तौर पर काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को देर रात करीब 03:28 बजे फोन कर गोलीबारी की जानकारी दी। सूचना मिलने पर वसंत कुंज उत्तरी थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां टीम ने पाया कि होटल के मुख्य प्रवेश द्वार पर पांच-छह गोलियों के निशाने हैं। गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, होटल के कुछ शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना के वक्त होटल में कर्मचारी और कुछ मेहमान मौजूद थे।

# दिल्ली के गृह विभाग के नए प्रधान सचिव बने ए अनबरासु

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

**वह प्रधान सचिव लोक निर्माण विभाग का पदभार भी संभालते रहेंगे। उनको दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।**

दिल्ली सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता को अरुणाचल प्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त करने के बाद से उनके सभी 10 विभागों की जिम्मेदारी लिंक अधिकारी के तौर पर अन्य आइएएस अधिकारियों को सौंपी गई थी। अब इन सभी विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति करने का सिलसिला शुरू हो गया है।

इस कड़ी में उप-राज्यपाल के आदेशों पर अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1996 बैच के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी ए अनबरासु को दिल्ली के गृह विभाग का प्रधान सचिव नियुक्ति किया गया है। दिल्ली सरकार के सेवाएं विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, आइएएस अधिकारी ए अनबरासु को प्रधान सचिव (गृह) नियुक्त किया गया है।

इसके साथ वह प्रधान सचिव लोक निर्माण विभाग का पदभार भी संभालते रहेंगे। उनको दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अतिरिक्त सेवाएं विभाग की ओर से 14 मार्च, 2024 को जो आदेश निकाला गया था, उसमें उनको लिंक अधिकारी नियुक्त किया था, उनकी भी वह बराबर जिम्मेदारी यथापत संभालते रहेंगे।

# आइएसबीटी पर समान पार्किंग दरों, फास्ट टैग के कारण बसों का ठहराव समय घटा

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

**राज निवास के अधिकारियों ने एक बयान में कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद 15 सितंबर को आइएसबीटी पर लागू की गई नई दरें।**

सरकारी और निजी बसों के लिए पार्किंग दरें समान कर दिए जाने तथा पार्किंग एवं शुल्क संग्रह को सुव्यवस्थित करने के लिए फास्टैग आधारित प्रणाली शुरू किए जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सभी तीन अंतरराज्यीय बस अड्डों (आइएसबीटी) पर बसों के ठहराव में लगने वाल अनावश्यक समय काफी कम हो गया है। राज निवास के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राज निवास के अधिकारियों ने एक बयान में कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद 15 सितंबर को आइएसबीटी पर लागू की गई नई दरें और मानदंडों ने अधिसूचना के तुरंत बाद से वांछित परिणाम प्राप्त किए हैं। बयान में कहा गया है कि आनंद विहार आइएसबीटी पर बस अड्डे में प्रवेश करने और बाहर निकलने में लगने वाला समय-अगस्त में 208 मिनट से नाटकीय रूप से घटकर औसतन 23 मिनट रह गया।

इसमें कहा गया है कि बदलावों के लागू होने के बाद बस यातायात अगस्त में प्रतिदिन 852 से बढ़कर 870 हो गया है। इसी तरह, कश्मीरी गेट आइएसबीटी पर बसों का यह समय 45 मिनट से घटकर 19 मिनट रह गया है, जबकि प्रतिदिन बसों की संख्या 1373 से बढ़कर 1644 हो गई है। बयान के अनुसार, सराय काले खां आइएसबीटी पर भी बस ठहराव में लगन वाला अनावश्यक समय 216 मिनट से घटकर 18 मिनट रह गया है, हालांकि वहां बस यातायात स्थिर बना हुआ है।

# स्थायी समिति सदस्य के चुनाव पर गरमाई राजनीति, सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी आप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

**दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 76 में साफ है कि जब भी सदन की बैठक होगी तो इसकी अध्यक्षता उसकी पीठासीन अधिकारी के तौर पर महापौर ही होंगी। अगर महापौर उपस्थित नहीं होती हैं तो उसकी जगह पर उप-महापौर यह जिम्मेवारी संभालेंगे।**

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के एक सदस्य के चुनाव को लेकर राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। भाजपा के पार्षद सुंदर सिंह तंवर ने इस चुनाव में जीत हासिल की है लेकिन आम आदमी पार्टी इसे पूरी तरह से असंवैधानिक, गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक करार दे रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप कुमार पांडेय ने इस मामले को लेकर शनिवार को अलग-अलग प्रेस वार्ता कर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने की बात कही।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस संबंध में शीर्ष अदालत में याचिका दायर करेंगे जो चुनाव भारतीय जनता पार्टी ने निगम सदन में कराया, वह गैरकानूनी है।

दिल्ली नगर निगम अधिनियम में बिल्कुल स्पष्ट है कि बैठक बुलाने की शक्तियां केवल और केवल महापौर के पास हैं। बैठक की अध्यक्षता करने का अधिकार केवल महापौर और उप-महापौर के पास है। इस गैर लोकतांत्रिक चुनाव के खिलाफ हम उच्चतम न्यायालय जाएंगे और आज ही इस गैरकानूनी, गैर संवैधानिक चुनाव के खिलाफ आवेदन दाखिल करेंगे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने यह भी कहा कि स्थायी समिति के चुनाव के बारे में नियम स्पष्ट है कि उनके सदस्यों का चुनाव सदन की बैठक में होगा। इसके अलावा इसी नियम में यह भी है कि सदन की बैठक का समय, स्थान और तारीख निर्धारित करने की शक्ति भी केवल महापौर के पास है। वहीं, दिल्ली नगर निगम अधिनियम अधिनियम की धारा 76 में साफ है कि जब भी सदन की बैठक होगी तो इसकी अध्यक्षता उसकी पीठासीन अधिकारी के तौर पर महापौर ही होंगी।



**सफाई** नई दिल्ली में शनिवार को उत्तरी परिसर में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के बाद बैनर और पोस्टर हटाते सफाईकर्मी।

# एबीवीपी ने डूसू चुनाव परिणामों की शीघ्र घोषणा की मांग की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

**शुक्ल ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव संबंधी उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान जो विभिन्न अन्य हितधारक थे, उनको पक्ष रखने के लिए न्यायालय द्वारा बुलाया नहीं गया।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन से दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के परिणाम तुरंत घोषित करने का आग्रह किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव (डूसू) चुनाव का परिणाम दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा रोके जाने के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि डूसू के परिणाम शीघ्र घोषित किए जाने चाहिए, छात्रों का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है। छात्रसंघ, शिक्षा क्षेत्र तथा युवाओं के मुद्दों को उठाने का सशक्त माध्यम रहे हैं। शुक्ल ने आगे कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव संबंधी उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान जो विभिन्न अन्य हितधारक थे, उनको पक्ष रखने के लिए न्यायालय द्वारा बुलाया नहीं गया।

छात्रसंघ चुनाव संबंधी विषय में विभिन्न पक्षों में वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप बदलाव होने चाहिए, दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे विशाल छात्रसंघ चुनाव में जहां लगभग डेढ़ लाख मतदाता हैं, वहां पांच हजार रुपए में चुनाव लड़ने का नियम बिल्कुल तर्कसंगत नहीं है।

# महापौर ने निगम आयुक्त से सड़कों के रखरखाव पर वस्तु स्थिति रपट मांगी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

**महापौर ने इस बारे में विस्तृत जानकारी मांगी है कि अब तक पैसे का उपयोग कैसे किया गया। देरी के कारण व उनके विवेकाधीन कोष के तहत सड़क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है।**

महापौर शैली ओबेराय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्विनी कुमार को दो दिनों के भीतर सड़क के रखरखाव और निर्माण पर वस्तु स्थिति रपट पेश करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शहर भर में सड़कों की खराब स्थिति पर चिंता जताई है।

निगम आयुक्त को लिखे पत्र में ओबेराय ने शनिवार को बताया कि क्षतिग्रस्त सड़कें की धूल को रोककर शहर में वायु प्रदूषण में योगदान देती हैं। मेरे संज्ञान में आया है कि दिल्ली की कालोनियों में एमसीडी की अधिकांश सड़कें गंभीर रूप से जर्जर हैं। इससे न केवल दिल्ली के सभी निवासियों के लिए यात्रा करना मुश्किल हो रहा है, बल्कि इससे गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। ओबेराय ने लिखा कि यह अस्वीकार्य है कि राष्ट्रीय राजधानी में एमसीडी की सड़कों के रखरखाव और निर्माण का ऐसा नियमित काम समय पर नहीं किया जा रहा है। इसमें और देरी से दिल्ली के प्रदूषण के स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

महापौर ने उल्लेख किया कि एमसीडी ने चालू वित्त वर्ष के लिए सड़क रखरखाव के लिए 1,000 करोड़ रुपए और अपने विवेकाधीन कोष से 500 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में जल शक्ति मंत्रालय ने पेश की बदलते यूपी की तस्वीर

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर।

**विभाग की ओर से सत्र आयोजित किए गए, जहां कालेज विद्यार्थियों को बांध और नहर प्रणाली से वाकिफ कराया गया। उत्तर प्रदेश में कुल 132 बांध बनाए गए है।**

यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में जल शक्ति मंत्रालय, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग का स्टाल निवेशकों, कारोबारियों और देश- विदेशी मेहमानों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। बदलते यूपी की नई तस्वीर पेश करते इस मंत्रालय ने अपने कार्यों को फोटो प्रदर्शनी के जरिए दिखाया।

यहां आने वाले आंगतुको को मंत्रालय के सभी कार्यों से वाकिफ कराया जा रहा है। उनको यहां लगी दीर्घा (गैलरी) से वर्तमान और भविष्य में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया जा रहा है। कालेज के विद्यार्थियों को भी इन तकनीकों के बारे में बताया गया। विभाग की ओर से सत्र आयोजित किए गए, जहां कालेज विद्यार्थियों को बांध और नहर प्रणाली से वाकिफ कराया गया।

**प्रदेश में बनाए गए 132 बांध :** स्टाल पर बताया गया कि उत्तर प्रदेश में कुल 132 बांध बनाए गए है। यह बांध बाढ़ आने से रोकथाम, जमा किए गए पानी का सिंचाई, पेयजल आपूर्ति, जन विद्युत आदि के लिए प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश में 20 बैराज, जिससे नहरों में सिचाई के लिए जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

**तटबंध बनाकर 22.94 लाख हेक्टेयर जमीन की सुरक्षित :** विभाग से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 240.93 लाख हैक्टेयर है। जिसमें बाढ़ प्रभावित होने वाला अधिकतम क्षेत्रफल 72.50 लाख हेक्टेयर है। 58.72 लाख हेक्टेयर इलाके को बाढ़ से सुरक्षित किया जा सकता है। करीब 3869 किमी के 523 तटबंध बनाकर 22.94 लाख हेक्टेयर को सुरक्षित किया गया। शेष पर काम किया जा रहा है।

**बनाई गई 75090 किमी नहर :** प्रदेश में कृषि योग्य क्षेत्रफल करीब 188.40 लाख हेक्टेयर है, जिसमें फसल बोए जाने वाला इलाका 268.16 लाख हेक्टेयर है। करीब 101 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई का साधान नहर है।

**अध्ययन** दिल्ली-एनसीआर से 2,000 से अधिक रोगियों के नमूनों के विश्लेषण से हुआ खुलासा

# हर चार मधुमेह रोगियों में से एक को दिल के दौरे का खतरा

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

**मधुमेह और दिल का दौरा पड़ने के बीच के मूक संबंध के बारे में जागरूकता बढ़ाकर हम रोगी के परिणामों को बदलने और गंभीर जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं।**

**जोशी ने कहा, मधुमेह से पीड़ित लोग, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, हृदय गति रुकने को लेकर अधिक संवेदनशील होते जा रहे हैं। जोशी ने कहा कि नियमित मधुमेह देखभाल में हृदय संबंधी जांच को शामिल करना आवश्यक है।**

मुंबई और दिल्ली-एनसीआर में दो प्रयोगशालाओं में किए गए अध्ययनों से से पता चला है कि हर चार मधुमेह रोगी में से एक व्यक्ति को हृदय गति रुकने का गंभीर खतरा होता है।

दिल्ली-एनसीआर से 2,000 से अधिक रोगियों के नमूनों के विश्लेषण से पता चला है कि 6.5 फीसद से अधिक एचबीए1सी अंक वाले 15 फीसद रोगियों में एनटी-प्रोबीएनपी का उच्च-स्तर पाया गया। 'एनटी-प्रोबीएनपी' हृदय गति थमने की प्रारंभिक जानकारी हासिल करने का एक महत्त्वपूर्ण बायोमार्कर है।

मुंबई के भक्तिवेदांत अस्पताल में एंडोक्राइनोलॉजिस्ट अमया जोशी द्वारा 1,054 रोगियों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि टाइप-2 मधुमेह (टी2डीएम) के 34 फीसद रोगियों में हृदय रोग संबंधी जटिलताओं का जोखिम अधिक है। जोशी ने कहा, मधुमेह से पीड़ित लोग, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, हृदय गति रुकने को लेकर अधिक संवेदनशील होते जा रहे हैं। जोशी ने कहा कि नियमित मधुमेह देखभाल में हृदय संबंधी जांच को शामिल करना आवश्यक है। दोनों अध्ययनों पर जारी एक बयान में कहा गया है कि हृदय गति थमना टाइप-2 मधुमेह रोगियों द्वारा सामना की जाने वाली सबसे गंभीर जटिलताओं में से एक है, जिनमें पहले से ही हृदय रोग का काफी अधिक जोखिम है।

डा डैंग्स लैब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डा अर्जुन डैंग ने कहा, यह अध्ययन एक चेतावनी है। हृदय गति थमने का जोखिम झेलने वाले मधुमेह रोगियों की संख्या समय पर जांच और हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की ओर इशारा करती है।

### दिल्ली में आज भी छाए रह सकते हैं बादल

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत से एक डिग्री कम है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस रहा इस मौसम के औसत से एक डिग्री अधिक है। आर्द्रता 83 फीसद से 65 फीसद के बीच रही।

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 31.6 | 30.6 | 32.0 | 31.0 |
| न्यूनतम | 24.0 | 23.7 | 26.4 | 26.0 |

# वायु प्रदूषण रोकने को चलेगा अभियान, 523 टीमें उतरेंगी

## निर्माण स्थलों पर दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

आगामी सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या से लोगों को राहत दिलाने की दिशा में दिल्ली सरकार की ओर से बड़ा कदम उठाया जा रहा है। दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम व धूल पर नियंत्रण के लिए राजधानी में सात अक्तूबर से 7 नवंबर तक एक माह के लिए धूल विरोधी अभियान चलाया जाएगा।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए धूल प्रदूषण की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए 13 विभागों की 523 टीम भी तैनात की जा रही है। यह सभी टीमें सुनिश्चित करेंगी कि स्थल पर निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन किया जाए। निर्माण स्थल पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू किया जा रहा है जिसका अनुपालन करना अनिवार्य होगा। सरकार की ओर से धूल रोधी अभियान को 7 नवंबर तक चलाया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि निर्माण स्थल पर नियमों की अनदेखी और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। निर्माण स्थलों पर नियम के उल्लंघन करने वालों पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के मुताबिक 10 हजार से 5 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इतना ही नहीं अगर इस तरह के उल्लंघन बार किए जाते हैं तो निर्माण स्थल को बंद तक किया जा सकेगा।

मंत्री ने भी बताया कि सभी निजी व सरकारी क्षेत्रों में जारी निर्माण कार्यों के बारे में सरकार के पोर्टल पर पंजीकरण कराना जरूरी है। इसका पालन नहीं करने की स्थिति में निर्माण परियोजना के क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग जुर्माना राशि का प्रावधान है। 20,000 वर्ग मीटर से कम क्षेत्र वाली निर्माण परियोजना पर 1 लाख का और 20,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र वाले पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा धूल शमन उपाय (एंटी स्मॉग गन) नहीं लगाने पर 7,500 रुपए प्रतिदिन का जुर्माना लगाने का प्रावधान भी है। 500 वर्ग मीटर से कम क्षेत्र वाल निर्माण परियोजना पर 7,500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से और उससे ज्यादा क्षेत्र वाली परियोजना पर 15 हजार प्रतिदिन जुर्माना लगाया जाएगा। निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों को ढंककर ले जाना जरूरी है। ऐसा नहीं करने वालों पर 7,500 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

### *निर्माण स्थल पर लागू किया जा रहा है 14 सूत्रीय नियम*

1. सभी निर्माण साइटों पर चारों तरफ धूल रोकने को ऊंची टिन की दीवार खड़ी करना जरूरी।
2. पांच हजार से 10 हजार वर्ग मीटर के निर्माण स्थल पर 1 एंटी स्माग गन, 10 हजार से 15 हजार वर्ग मीटर साइट पर दो, 15 हजार से 20 हजार वर्ग मीटर के निर्माण स्थल पर 3 और 20 हजार वर्ग मीटर से ऊपर के स्थल पर कम से कम 4 एंटी स्माग गन लगाना अनिवार्य।



3. निर्माण और ध्वस्तीकरण कार्य के लिए निर्माणाधीन क्षेत्र और भवन को तिरपाल या नेट से ढकना जरूरी।
4. निर्माण स्थल पर निर्माण सामग्री को लाने, ले जाने वाले वाहनों की सफाई एवं पहिए साफ करना जरूरी।
5. निर्माण सामग्री ले जा रहे वाहनों को पूरी तरह से ढंकना जरूरी।
6. निर्माण सामग्री और ध्वस्तीकरण का मलबा चिह्नित जगह पर ही डालना जरूरी है।
7. किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री, अपशिष्ट, मिट्टी-बालू को बिना ढके नहीं रख जाएगा।
8. निर्माण कार्य में पत्थर की कटिंग का काम खुले में नहीं होनी चाहिए. पत्थर काटने में वेट जेट का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।
9. निर्माण स्थल पर धूल से बचाव के लिए कच्ची सतह और मिट्टी वाले क्षेत्र में लगातार पानी का छिड़काव करना जरूरी।
10. 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र के निर्माण और ध्वस्तीकरण स्थल जाने वाली सड़क पक्की होनी चाहिए।
11. निर्माण और ध्वस्तीकरण से उत्पन्न अपशिष्ट का स्थल पर ही पुर्नचक्रीकरण किया जाना चाहिए।
12. निर्माण स्थल पर लोडिंग-अनलोडिंग एवं निर्माण सामग्री या मलबे की ढुलाई करने वाले कर्मचारी को धूल मास्क देना पड़ेगा।
13. निर्माण स्थल पर कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए चिकित्सा की व्यवस्था करनी होगी।
14. निर्माण स्थल पर धूल कम करने के उपाय के दिशा-निर्देशों के संकेतक प्रमुखता से लगाने होंगे।

# बच्चे की पीटकर हत्या के आरोप में पिता व सौतेली मां गिरफ्तार

गाजियाबाद , 28 सितंबर (भाषा)।

यूपी के गाजियाबाद जिले के ट्योडी बिस्वा गांव में शनिवार को पिता और सौतेली मां ने चोरी के संदेह में 10 वर्षीय लड़के की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि 45 वर्षीय नौशाद ने अपने बेटे अहाद की पांच सौ रुपये चोरी करने के संदेह में डंडे से इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। अहाद की सौतेली मां रजिया (40) ने भी इस क्रूर कृत्य में उसका साथ दिया। पांच साल से शादीशुदा इस जोड़े की एक बेटी भी है।

> **पांच सौ रुपए चुराने के संदेह में की हत्या, दादी ने की थी पुलिस में शिकायत।**

मोदीनगर के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञान प्रकाश राय ने कहा, अहाद की सौतेली मां उसके साथ क्रूरता से पेश आती थी। शनिवार की सुबह जब नौशाद ने देखा कि उसकी जेब से पांच सौ रुपए गायब हैं, तो रजिया ने अहाद पर चोरी का आरोप लगाया, जिससे पिता भड़क गया। नौशाद अपने बेटे को घसीट कर कमरे में ले गया और डंडे से उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे वह बेहोश हो गया।

राय ने बताया कि खून से लथपथ बच्चे को अचेत देख दंपत्ति मौके से भाग गया। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अधिकारी ने बताया कि अहाद की दादी की शिकायत के आधार पर नौशाद और रजिया को गिरफ्तार कर लिया गया।

# डाटा चोरी कर 20 करोड़ की ठगी के आरोप में प्रबंधक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 28 सितंबर।

थाना सेक्टर 58 पुलिस ने कंपनी का डाटा चोरी कर 20 करोड़ रुपए की ठगी के आरोप में विपणन (मार्केटिंग) विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-62 स्थित कंपनी में आरोपी पिछले दस साल से नौकरी कर रहा था।

इस मामले में पुलिस ने दिल्ली से मुशीर अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। कंपनी अधिकारी मोहम्मद अखलाक ने मामले को लेकर एफआइआर दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि उसकी सर्वोकन सिस्टम लिमिटेड कंपनी इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाती और उनका निर्यात करती है। मुशीर अहमद सिद्दीकी पिछले दस साल से कंपनी के बिक्री एवं विपणन (सेल्स एंड मार्केटिंग) विभाग में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। कंपनी के आडिट में पता चला है कि मुशीर पिछले साल जुलाई से कंपनी का संवेदनशील डेटा अज्ञात लोगों को भेज रहा था। आरोप है कि मुशीर की हरकतों से कंपनी को करीब 15 से 20 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। आरोपी ने जानबूझकर कंपनी का डाटा चुराया और उसका गलत इस्तेमाल किया। आरोपी ने अज्ञात लोगों और परिवार के सदस्यों के साथ मिलीभगत कर कई कंपनियां खोली हैं। मुशीर ने अपने परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम से बैंक खाते खोलकर उनमें रुपए भी स्थानांतरित किए। इस मामले में सेक्टर-58 थाना पुलिस और साइबर हेल्प टीम ने आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

# कोरोना में मरने वाले पांच योद्धाओं के परिजनों को मिलेंगे एक-एक करोड़

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

कोरोना महामारी में जान गंवाने वाले पांच कोरोना योद्धाओं के परिवारों को दिल्ली सरकार ने एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने की घोषणा की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के कोरोना योद्धाओं ने महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना मानवता और समाज की रक्षा करने का काम किया और अपने जीवन का बलिदान दिया था। मुख्यमंत्री आतिशी ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार उनके इस जज्बे को सलाम करती है। इस राशि से दिवंगत कोरोना योद्धाओं के परिवार के नुकसान की पूर्ति तो नहीं की जा सकती लेकिन उनके परिवार को एक सम्मानजनक जीवन जीने में थोड़ी मदद जरूर मिल सकेगी। इस संकट ने सभी के मन में डर और भय पैदा कर दिया था लेकिन हमारे कोरोना योद्धाओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना इस संकट से दिल्ली को उबारने का काम किया। आतिशी ने आगे कहा कि चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, सहायक और सफाई कर्मचारियों समेत हजारों कोरोना योद्धाओं ने दिन-रात काम करते हुए महामारी से लड़ने का काम किया। कई कोरोना योद्धा लोगों की सेवा करते हुए शहीद हो गए। उन सभी के साथ दिल्ली सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली सरकार अब तक 92 योद्धाओं के परिजनों को सम्मान राशि दे चुकी है।



कार्यक्रम

नई दिल्ली में शनिवार को विकलांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा और विकलांगता के अंतर्विरोध पर 9वें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श के दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़

# केजरीवाल सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं : कांग्रेस

नई दिल्ली, 28 सितंबर (संवाददाता)।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भले ही आदम आदमी पार्टी मान रही हो कि दिल्ली में कोई शराब घोटला नहीं हुआ है। पर दिल्ली की जनता यह जानती है कि कथित भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण ही केजरीवाल जेल गए थे और मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियां निभाने में सुप्रीम कोर्ट की बंदिशों के कारण उन्होंने पिछले 17 सितंबर को पद इस्तीफा दिया था। कांग्रेस मांग करती है कि जब पूरी दिल्ली उन्हें घर देने की पेशकश कर रही है तो अभी तक निर्णय क्यों नही लिया? केजरीवाल का सहानुभूति बटोरने का पाखंड अधिक दिनों तक चलने वाला नहीं है।

# केजरीवाल के लिए आवास ढूंढने की कवायद तेज

## जल्द छोड़ेंगे सिविल लाइन का बंगला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अब सरकारी आवास को खाली करने की तैयारी तेज कर दी है।

इस्तीफा देने की घोषणा के बाद उनकी तरफ से श्राद्ध के बाद नवरात्रों में नए घर में जाने की बात कही थी। अब उनकी तरफ से इसकी तलाश जोर शोर से शुरू कर दी गई है। माना जा रहा है कि वह अपना आवास नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में ही रखेंगे जिससे वह अपने इलाके के लोगों से संपर्क बराबर रख सकें। आप पार्टी की ओर से दावा किया गया है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। इसको लेकर पार्टी जल्द से जल्द उनके आवास का इंतजाम करने की कोशिश में जुटी है। इस पर पूरी गंभीरता के साथ काम किया जा रहा है। पार्टी का मानना है कि उनके लिए नया आवास ऐसी जगह पर ढूंढा जा रहा है जिससे कि उनके समय और संसाधनों के इस्तेमाल में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं पैदा हो।

# सड़क पर लड़ते सांडों से टकराई मोटरसाइकिल, युवक की मौत

ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर (संवाददाता)।

थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित पंचशील हाईनेस सोसाइटी के पास एक मोटरसाइकिल सड़क पर लड़ रहे दो सांडों से टकरा गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर गया। इसी बीच एक सांड लड़ता हुआ उसके ऊपर जा गिरा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्राम पतवाड़ी निवासी महेश (45) थाना बिसरख क्षेत्र स्थित पंचशील हाईनेस सोसाइटी के पास से मोटरसाइकिल लेकर गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर दो सांड लड़ रहे थे। इस बीच लड़ रहे दो सांडों से महेश की मोटरसाइकिल टकरा गई। इसके बाद एक सांड उनके ऊपर गिर गया। जिससे महेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### *इमारत से गिरकर युवती की गई जान*

सेक्टर-107 में स्थित एक निर्माणाधीन सोसाइटी में काम कर रही 18 वर्षीय युवती की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। मृतका प्रीति निवासी सलारपुर गांव सोसाइटी के निर्माण कार्य के दौरान लिफ्ट शाफ्ट के पास काम कर रही थी। इस दौरान वह अचानक असंतुलित होकर वह शाफ्ट में गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना सेक्टर-39 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रीति काम के दौरान लिफ्ट की शाफ्ट में गिर गई थी।

# हथियारों की आपूर्ति करने वाले दो तस्कर समेत तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम ने दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को मांग के हिसाब (आन डिमांड) हथियारों की आपूर्ति करने वाले दो तस्कर और हथियार खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान जाफराबाद निवासी समीर अहमद (19), साहिल (20) और करावल नगर निवासी शोएब (24) के तौर पर की गई है। इनकी निशानदेही पर तीन पिस्तौल, दो मैगजीन और 55 कारतूस बरामद किए हैं।

> **दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को मांग के हिसाब से पिछले छह महीने से कर रहे थे आपूर्ति।**

अपराध शाखा के उपायुक्त संजय कुमार सैन ने शनिवार को बताया कि समीर अहमद और साहिल रिजवान से पूछताछ में पता चला कि दोनों पिछले छह महीनों से हथियारों की तस्करी में संलिप्त थे। टीम ने दोनों आरोपियों को जाफराबाद इलाके से दबोचा। यह गिरोह उत्तरी-पूर्वी जिले में बदमाशों को मांग के हिसाब (आन डिमांड) से आपूर्ति करते थे। दोनों से की गई पूछताछ के बाद टीम ने करावल नगर निवासी शौएब को दबोचा, जो इनसे हथियार खरीदता था। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्तौल और 55 जिंदा कारतूस बरामद किए।

**पहल** | प्रचार-प्रसार में रेरा अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन अनिवार्य हुआ

# भवन निर्माता-खरीदार में 'क्यूआर कोड' से रुकेगा विवाद

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर।

उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और ग्राहकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भवन निर्माता और प्रापर्टी डीलरों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यूपी रेरा ने सभी प्रकार की विज्ञापन सामग्री और प्रचार-प्रसार में रेरा अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करने को अनिवार्य किया है।



रेरा की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि किसी भी परियोजना के प्रचार में परियोजना की रेरा पंजीकरण संख्या, विशिष्ट क्यूआर कोड, रेरा पोर्टल का लिंक, प्रोजेक्ट कलेक्शन अकाउंट नंबर को स्पष्ट और बड़े अक्षरों में उल्लेखित करना जरूरी है, ताकि वह आसानी से पठनीय हो। साथ ही भवन निर्माता यह भी सुनिश्चित करें कि केवल पंजीकृत डीलर (एजंट) ही उनकी परियोजनाओं को बेच रहे हैं। इन डीलरों का रेरा पंजीकरण संख्या भी विज्ञापनों में प्रदर्शित हो। रेरा ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी परियोजनाओं के विकासकर्ता को अपने कार्यालय, स्थल कार्यालय और निर्माण स्थल पर फार्म सी या पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि प्रदर्शित करनी होगी। जो स्पष्ट होऔर दूर से भी पढ़ी जा सके। इसके अतिरिक्त जो भी प्रचार सामग्री जारी की जाएगी, उसमें परियोजना की रेरा पंजीकरण संख्या और क्यूआर कोड प्रमुखता से दिखाया जाना चाहिए।

बताया गया है कि यूपी रेरा का यह कदम भावी घर खरीदारों के हित में उठाया गया है। जिससे वह विज्ञापित परियोजनाओं की प्रामाणिकता को आसानी से सत्यापित कर सकें। खरीदार अपने मोबाइल फोन से विज्ञापित क्यूआर कोड को स्कैन करके सीधे रेरा पोर्टल पर परियोजना से संबंधित सभी विवरणों जैसे भूलेख, स्वीकृत नक्शा, टावर और तल की जानकारी, अन्य सुविधाएं, प्रस्तावित पूर्णता तिथि और निर्माण की स्थिति को देख सकते हैं।

## खबर कोना

### चोरी की सात महंगी गाड़ियों समेत चार दबोचे गए

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 28 सितंबर।

थाना सेक्टर 63 थाना पुलिस ने कार चोरी करने के बाद आनलाइन बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को चोरी की सात महंगी कारों सहित गिरफ्तार किया है। बरामद की गई गाड़ियों की कीमत करीब एक करोड़ 20 लाख बताई जा रही है। आरोपियों ने एक एप पर लोगों की चोरी की कारों की ब्रिकी की थी। पुलिस पकड़े गए आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश करने में लगी है। पुलिस के अनुसार, 22 सितंबर को एक युवक ने थाने में शिकायत की थी, कि उसकी सफेद ब्रेजा का गाजियाबाद और अलवर में दो चालान हुए हैं। जबकि वह उन जगहों पर कभी नहीं गया। इसके बाद वह तकनीकी समस्या के चलते गाड़ी की सर्विस कराने के लिए मेरठ स्थित सर्विस सेंटर पर पहुंचे, तो पता चला कि उसकी गाड़ी की सर्विस पहले ही की जा चुकी थी। सर्विस सेंटर ने बताया कि गाड़ी की सर्विस शाहबेरी, बिसरख निवासी निखिल खत्री द्वारा कराई गई थी। जब पीड़ित ने निखिल से संपर्क किया, तो बताया कि उसने यह गाड़ी मई 2024 में खरीदी थी।

### बेरोजगार युवाओं ने उपराज्यपाल कार्यालय पर किया प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

शहीद भगत सिंह की जयंती पर 'नौकरी दो या बेरोजगारी भत्ता दो' के नारे के साथ सैकड़ों की संख्या में दिल्ली के युवा डीवाईएफआइ के बैनर तले शनिवार को उपराज्यपाल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डीवाईएफआई प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने 'नौकरी दो या बेरोजगारी भत्ता दो', 'शहीद भगत सिंह के सपनों को मंजिल तक ले जाएंगे', और 'बेरोजगारी बढ़ाने वाली भाजपा सरकार पर हल्ला बोल' के नारे लगाते हुए उपराज्यपाल कार्यालय की ओर कूच किया, जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग करके प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भारत की जनवादी नौजवान सभा के केंद्रीय कमेटी के सदस्य सुरेश, राज्य अध्यक्ष रिक्ता कृष्णस्वामी, और राज्य सचिव अमन सैनी ने कहा कि मोदी सरकार युवा-विरोधी और रोजगार-विरोधी है, जिसके चलते आज देश और दिल्ली में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। पूरे देश में सरकारी विभागों में लाखों पद खाली होने के बावजूद भर्ती नहीं हो रही है।

### महिला की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर।

ग्रेनो वेस्ट में थाना ईकोटेक थ्री क्षेत्र के खेड़ा चौगानपुर गांव में पति ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने पहले पत्नी को जमकर पीटा। फिर लोहे के पाइप से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति वहां से भाग निकला था। जब बेटी घर पहुंची, तो वारदात का पता चला। आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठित की गई थी। एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को बालक इंटर कालेज के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से आलाकत्ल भी बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जनपद लखीमपुर खीरी निवासी पुतान सिंह अपने परिवार के साथ खेड़ा चौगानपुर गांव में एक मकान में किराए पर रह रहे थे।

### फोन पर बात करते नाले में गिरे युवक की डूबने से मौत

नोएडा, 28 सितंबर (संवाददाता)।

सेक्टर-52 के नाले में एक युवक गिर गया। उसे बचाया नहीं जा सका और डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि नोएडा प्राधिकरण ने शहर के नालों को खुला छोड़ दिया है, जिस वजह से युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान रोहित (35) के रूप हुई है। थाना सेक्टर- 24 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रोहित की शादी हो चुकी थी और वह सेक्टर-52 के पास ही परिवार के साथ रहता था। शनिवार सुबह वह टहलने गया था। इस दौरान उसे किसी का फोन आया। फोन पर बात करते-करते पैर फिसलने से वह अचानक नाले में गिर गया।

कल्पमेधा

संयम संस्कृति का मूल है। विलासिता, निर्बलता और अनुकरण के वातावरण में संस्कृति का विकास नहीं होता।

- काका कालेलकर

# खोया हुआ पड़ोस



## दूसरी नजर

पी चिदंबरम

**दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत का घटता प्रभाव अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। मोदी साहब की विदेश नीति भारत को वैश्विक मामलों में 'शांतिप्रिय मध्यस्थ' के रूप में पेश करके शोहरत बटोरने का प्रयास कर रही है। रूस, यूक्रेन, अमेरिका, फ्रांस और अन्य देशों के नेताओं के साथ उनकी गतिविधियों और बैठकों में तेजी तथा जी-20, संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन और क्वाड में उनका भाग लेना इसके उदाहरण हैं।**

भारत अपने पड़ोसी चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, मगर कोई भी चीन को हमारा पड़ोसी नहीं मानता। हैरानी की बात है, कि क्यों? लंबी सीमाओं वाले हमारे दो और पड़ोसी हैं- पाकिस्तान (3,310 किमी) और बांग्लादेश (4,096 किमी)। हमने व्यावहारिक रूप से उनके साथ की पूरी सीमा पर बाड़ लगा दी है। नेपाल और भारत के बीच एक 'खुली सीमा' नीति है और, कुछ अड़चनों को छोड़ दें तो, खुली सीमा ने दोनों देशों के बीच वस्तुओं, सेवाओं और आमजन की आवाजाही को सुविधाजनक बनाया है। भूटान एक छोटा देश है, जो भारत के साथ 578 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, लेकिन वह मूल्यवान और रणनीतिक रूप से स्थित हमारा पड़ोसी है। श्रीलंका संकरे पाक जलडमरूमध्य से अलग है और ऐतिहासिक और सांस्कृतिक कारणों से, एक महत्त्वपूर्ण और कभी-कभी समस्याग्रस्त पड़ोसी है। मालदीव कुछ दूरी पर है, लेकिन हमने चीन के बावजूद उस देश के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की कोशिश की है। 1988 में, हमने मालदीव को डाकुओं के एक समूह द्वारा कब्जा किए जाने से बचाया था, मगर मुझे शक है कि किसी को भी वह 'आपरेशन कैक्टस' याद होगा। भारत के साथ अफगानिस्तान की 106 किलोमीटर की एक छोटी-सी सीमा है। इसकी अशांत घरेलू राजनीति ने भारत के साथ संबंधों को 'आन-आफ' मोड पर रखा है। भारत और ये देश, चीन को छोड़कर, दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) नामक एक क्षेत्रीय समूह के सदस्य हैं।

### सार्क कहां है?

भारतीय योजनाओं में इन पड़ोसियों का क्या स्थान है? इंद्र कुमार गुजराल ने 'लुक ईस्ट' नीति की घोषणा की थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने चतुराई से उस नीति को 'एक्ट ईस्ट' में बदल दिया।

जैसा कि उनका स्वभाव है, नरेंद्र मोदी ने बड़े शान के साथ अपनी सरकार की नीति में 'पड़ोस प्रथम' की घोषणा कर दी।

पड़ोसी देशों में प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत रुचि को लेकर मेरे भीतर जिज्ञासा जागी। मैंने जानने की कोशिश की कि मोदी साहब ने आखिरी बार 'सार्क' के सदस्य देशों का दौरा कब किया था, और मुझे पीएमइंडिया वेबसाइट से निम्नलिखित जानकारी मिली:

भूटानः 2024, मार्च
नेपालः 2022, मई
बांग्लादेशः 2021, मार्च
मालदीवः 2019, जून
श्रीलंकाः 2019, जून
अफगानिस्तानः 2016, जून
पाकिस्तानः 2015, दिसंबर

मैंने यह भी पाया कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री ने नेपाल की पांच बार, भूटान की तीन बार, श्रीलंका की तीन बार, बांग्लादेश की दो बार, मालदीव की दो बार, अफगानिस्तान की दो बार और पाकिस्तान की एक बार यात्रा की। ये अठारह यात्राएं मोदी साहब के कार्यकाल में की गई बयासी विदेश यात्राओं में से थीं। मुझे यह देखकर निराशा हुई कि मार्च, 2024 में भूटान की एक दिवसीय यात्रा को छोड़कर, उन्होंने दो वर्ष से अधिक समय तक किसी अन्य पड़ोसी देश का दौरा नहीं किया। अठारहवां 'सार्क' शिखर सम्मेलन नवंबर, 2014 में नेपाल के काठमांडो में आयोजित किया गया था। नवंबर, 2016 में इस्लामाबाद, पाकिस्तान में होने वाले उन्नीसवें शिखर सम्मेलन का भारत ने बहिष्कार किया था, उसके बाद चार अन्य देशों ने भी इसका बहिष्कार कर दिया था। तबसे कोई शिखर सम्मेलन आयोजित नहीं किया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में विदेश मंत्री रहे जसवंत सिंह ने 'सार्क' को 'पूरी तरह विफल' घोषित किया था। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार ने उस निष्कर्ष को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया है।

### ड्रैगन और हाथी

अपने कार्यकाल के दौरान, मोदी साहब ने 2015 से जून, 2018 के बीच पांच बार चीन का दौरा किया, जिसके बाद संबंधों में खटास आ गई। उन्होंने दो बार म्यांमा और एक बार मारीशस का भी दौरा किया।

चीन, मोदी को गुस्सा दिलाता है, मगर सभी पहलुओं को देखने से पता चलता है कि वे असहाय हैं। उन्होंने चीन को भारत की नीतियां निर्धारित करने की अनुमति दे दी है। सैन्य वापसी को लेकर बातचीत में, चीन एजंडा तय कर रहा है, और अंतहीन दौरों की बातचीत के बाद भी कोई नतीजा नहीं नजर आ रहा है।

सैन्य उपस्थिति के मामले में, चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा दी है और सड़कें, पुल, बस्तियां, शिविर, भूमिगत सुविधाएं और भंडारण स्थल बना रहा है। व्यापार के मामले में, चीन के साथ घाटा 2013-14 के 37 अरब डालर से बढ़कर 2023-24 में 85 अरब डालर हो गया है। मारीशस उन लोगों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनकर खुश है, जो उस देश में पैसा लाना और भारत में निवेश करना चाहते हैं। म्यांमा रोहिंग्या शरणार्थियों को भारत में धकेलता है और इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। इन स्थितियों के बदलने से भारत को क्या हासिल हुआ है? अभी तक तो कुछ भी नहीं।

हमें अपने पड़ोस को नजरअंदाज करने की कीमत चुकानी पड़ी है। हमने नेपाल में मध्यावधि सरकार बदलने की उम्मीद नहीं की थी, पर केपी शर्मा ओली फिर से प्रधानमंत्री बन गए हैं। हमें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि शेख हसीना को सचमुच बांग्लादेश से बाहर निकाल दिया जाएगा। हमने रनिल विक्रमसिंघे को तो अपने साथ जोड़े रखा, पर अनुरा दिसानायके से बहुत कम संपर्क किया, जिन्हें 42.3 फीसद मतों के साथ श्रीलंका का राष्ट्रपति चुना गया है। मालदीव के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद, मोहम्मद मुइज्जू ने पहला काम यह किया कि अपने यहां से कुछ भारतीय सैन्य सलाहकारों को बेदखल कर दिया। जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, मुझे संदेह है कि मोदी सरकार की नीति उसके घरेलू राजनीतिक गणित से तय होती है और उसे इस बात की कोई चिंता नहीं है कि उस देश के असली शासक कौन हैं।

### अपने पांव पर कुल्हाड़ी

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में भारत का घटता प्रभाव अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। मोदी साहब की विदेश नीति भारत को वैश्विक मामलों में 'शांतिप्रिय मध्यस्थ' के रूप में पेश करके शोहरत बटोरने का प्रयास कर रही है। रूस, यूक्रेन, अमेरिका, फ्रांस और अन्य देशों के नेताओं के साथ उनकी गतिविधियों और बैठकों में तेजी तथा जी-20, संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन और क्वाड में उनका भाग लेना इसके उदाहरण हैं।

हालांकि मोदी साहब के साथ हमारी शुभकामनाएं सदा रही हैं, पर हम उन्हें यह भी याद दिला दें कि 'पड़ोस प्रथम' की उनकी नीति को पड़ोस के अंतिम छोर या पड़ोस के खो जाने के रूप में व्याख्यायित किया जा रहा है।

# सपनों की मरीचिका



## वक्त की नब्ज

तवलीन सिंह

**जब खैरात बांटने पर लगाया जाता है मतदाताओं के वोट हासिल करने के लिए तो वह पैसा जो लगना चाहिए सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, शहरों की सफाई, बिजली, पानी पर, वह खर्च होता है वोट हासिल करने पर। भ्रष्टाचार के दौर में होता यह है कि कुछ पैसा आम लोगों की जेबों में भी चला जाए, लेकिन देश की गाड़ी फिर थोड़ा धीरे चलने लगती है विकसित भारत के उस चमकते लक्ष्य की तरफ।**

पिछले सप्ताह तक तकरीबन तय था कि महाराष्ट्र में इस बार नरेंद्र मोदी का जादू नहीं चलने वाला है। मैंने ऐसा देहातों में सुना था और मुंबई शहर में भी। लेकिन इस लेख को लिखने बैठी थी कि मैंने एक जान-पहचान के 'मराठी मानुस' से पूछा कि अब चुनावी हवा किसके पक्ष में चल रही है, तो हैरान रह गई जब उसने कहा 'अब तो लगता है कि भारतीय जनता पार्टी जीतेगी'। यह व्यक्ति मुंबईकर है, लेकिन अपने गांव की खबर रखता है। पत्रकार नहीं, लेकिन राजनीति में जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी लेता है। मैंने जब उससे आगे पूछा कि मोदी का जादू फिर से कैसे चलने लगा है तो उसका जवाब था, 'मेरी पत्नी के बैंक में तीन हजार रुपए जमा हो गए हैं लाडली-बहना योजना के तहत, इससे फर्क पड़ेगा'।

इस योजना के तहत महाराष्ट्र की महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए दिए जाएंगे अगर उनकी आय के हिसाब से उनको लायक पाया जाता है। आनलाइन वेबसाइट पर जाकर महिलाएं मालूम कर सकती हैं कि उनको ये पैसे मिल सकते हैं कि नहीं। थोड़ी और पूछताछ के बाद मुझे मालूम हुआ कि देहातों में भी कई महिलाओं को यह पैसा मिलने लगा है और अब उनकी नजरों में महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने इतना अच्छा काम किया है कि दोबारा इसको जिताने के लिए कई महिलाओं ने मन बना लिया है। यहां याद दिलाना चाहती हूं आपको कि कुछ ऐसी ही योजना मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने शुरू की थी विधानसभा चुनावों से पहले और विश्लेषक मानते हैं कि उनकी जीत का अहम कारण यह योजना बन गई थी।

ऐसी योजनाएं बनाई जाती हैं समाज कल्याण के नाम पर, लेकिन कड़वा सच यह है कि ये वास्तव में मतदाताओं को रिश्वत देकर उनके वोट हासिल करने का काम करती हैं। पांच साल जब आम लोगों के जीवन में शासक कोई ठोस परिवर्तन नहीं ला पाते हैं, तो अचानक इस तरह की योजनाएं बन जाती हैं। याद कीजिए वह भाषण, जो राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों से पहले दिए थे। इनमें वादा किया महिलाओं से कि 'उनकी सरकार अगर बनती है तो उनके बैंक खातों में हर महीने आठ हजार रुपए जमा किए जाएंगे खटाखट, खटाखट'। सरकार उनकी बेशक न बनी हो, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि मोदी को पूर्ण बहुमत न मिलने का कारण थे विपक्ष के ऐसे वादे।

अब अगर आप कहें कि ऐसा करके हर्ज क्या होता है इस गरीब देश का, तो जवाब यह है कि नुकसान इस खैरात से होता है असली विकास की योजनाओं को। जैसे एक बार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था 'पैसा आखिर पेड़ों पर तो नहीं उगता है'। उसको लाया जाता है कहीं न कहीं से। जब खैरात बांटने पर लगाया जाता है मतदाताओं के वोट हासिल करने के लिए तो वह पैसा जो लगना चाहिए सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, शहरों की सफाई, बिजली, पानी पर, वह खर्च होता है वोट हासिल करने पर। भ्रष्टाचार के दौर में होता यह है कि कुछ पैसा आम लोगों की जेबों में भी चला जाए, लेकिन देश की गाड़ी फिर थोड़ा धीरे चलने लगती है विकसित भारत के उस चमकते लक्ष्य की तरफ।

सबूत चाहिए तो दूर जाने की जरूरत नहीं है। अपने घर के बाहर निकल कर थोड़ी दूर पैदल चलने की तकलीफ करेंगे आप तो आपको दिखेंगी गंदी नालियां, सड़ते कचरे के ढेर या बदहाल स्कूल और अस्पताल। इन चीजों की मरम्मत के लिए अक्सर हमारे शासकों के पास पैसे नहीं होते हैं। कुछ इसलिए कि काफी हद तक पैसा जाता है भ्रष्ट अधिकारियों और राजनेताओं की जेब में, लेकिन कारण यह भी है कि वास्तव में पैसा इतना है नहीं कि खर्च किया जाए मरम्मत के कार्यों पर। नतीजा यह कि भारत माता के दर्शन करने जब विदेशी पर्यटक आते हैं तो गंदगी और बेहाल बस्तियों को देखकर तय यही करते हैं कि अभी तक भारत की गिनती दुनिया के सबसे गरीब देशों में ही है।

जबसे मोदी प्रधानमंत्री बने हैं उनकी कोशिश रही है आम जनता को विकास और समृद्धि के सपने दिखाने की। हाल में जब अपने विदेशी दौरे पर उन्होंने प्रवासी भारतीयों के एक सम्मेलन को न्यूयार्क में संबोधित किया था तो गर्व से उनसे कहा था कि वे दिन दूर नहीं, जब भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर पर आ जाएगी- अमेरिका और चीन के बाद। अच्छा लगा इस बात को सुनकर और उस बड़े मजमे में खूब तालियां बजीं। बाद में जब पत्रकारों ने कुछ श्रोताओं से बात की, तो उन्होंने कहा कि जबसे मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, उनको भारतीय होने पर गर्व होने लगा है। सवाल यह है कि इतना गर्व है इनको, तो वापस वतन क्यों नहीं लौट आते?

सवाल यह भी है कि लाखों रुपए दलालों को देकर हजारों की तादाद में भारतवासी क्यों 'डंकी' रास्ते से निकल पड़ते हैं विदेशों में हर साल? घर, परिवार, जमीन-जायदाद सब छोड़ कर जाते हैं ये लोग अमेरिका, कनाडा जैसे संपन्न देशों में नया जीवन शुरू करने। वहां पहुंचकर इनमें से मुट्ठी भर ही ऐसे हैं, जो अमीर बन जाते हैं। बाकी बेहाल जीवन ही बिताते हैं, लेकिन खुश हैं इस बात से कि बुनियादी सुविधाएं तो कम से कम उन देशों में होती हैं। बिजली, पानी, इंटरनेट, सफाई का कोई अभाव नहीं होता है। न ही अभाव है अच्छे स्कूलों और अस्पतालों का, तो जैसे-तैसे उनका जीवन बेहतर बन जाता है। इनमें से बहुत कम लोग ऐसे हैं, जो भारत छोड़ने के बाद कभी वापस आते हैं इसलिए कि वहां चाहे दिन-रात मेहनत, मजदूरी करनी पड़े, विकसित देशों में रहने के कई फायदे मिलते हैं जो भारत में नहीं हैं।

# सभ्यता विकास के चरण



## संस्कृति

विनोद शाही

**मिथक के इस पक्ष को ध्यानपूर्वक 'डीकोड' करने पर हमें इसमें अपने समय की क्रांति- चेतना की व्याख्या के लिए उपयोगी आद्य विचार-प्रारूप मिल सकते हैं। सावधानी के साथ देवासुर संग्रामों की व्याख्या करने पर हम अपने समय के लिए उपयोगी इस विचार सूत्र तक पहुंच सकते हैं कि वर्ग संघर्ष के जरिए केवल सत्ता परिवर्तन वाली क्रांतियां कभी स्थायी नहीं रह सकतीं।**

भारतीय देवी-देवताओं द्वारा जिन हिंसक पशुओं को अपना वाहन बनाया गया है, वे लोकचित्त की स्मृतियों में अधिक गहराई में उतर गए मालूम पड़ते हैं। उनका संबंध सभ्यता के उस आरण्यक काल से है, जिसमें मनुष्य और पशु के बीच के रिश्ते प्रगाढ़तम थे। ऐसे मिथकों में यम का भैंसा, शिव का नंदी, दुर्गा का सिंह, विष्णु का गरुड़ और इंद्र का ऐरावत हाथी- पाशव हिंसा की अतिशक्तिशाली अभिव्यक्ति करते अक्सर दिखाई देते रहते हैं। मगर इन पर सवारी करने वाले देवता उनकी हिंसा-वृत्ति को नियंत्रित करने का प्रयास भी करते हैं। इस तरह वे उन्हें सभ्य होते मानव समाजों के लिए हितकारी बनाने की कोशिश करते हैं।

हिंसा के इन मिथकीय रूपों के सामाजिकीकरण और सभ्यताकरण को समझना हो तो यम के मिथक पर निगाह डालें। यम केवल मृत्यु के देवता नहीं हैं, वे धर्मराज भी हैं। भैंसे पर सवारी करने वाला यमराज जिसे चाहता है, मारकर अपने साथ ले जाता है। तथापि उसके हाथों होने वाली हमारी मृत्यु, जैसे उसके द्वारा की गई हिंसा नहीं कहलाती। हिंसा का यह अपरिहार्य अजेय रूप, जैसे एक प्राकृतिक विधान में बदल जाता है। मिथकों के पीछे मौजूद सामाजिक-राजनीतिक अर्थों को 'डीकोड' करें, तो यम, मनुष्यों की दैहिक परिणति और कर्म नियति वाली जरूरत का पर्याय है। इसीलिए वह अनिवार्य है और इसीलिए वहां 'प्रतिहिंसा' की कोई गुंजाइश नहीं है, वहां एक सच्चा मानवीय या कुदरती न्याय होता है।

पर सभ्यता के विकास के अगले दौर में यह मिथक, कुदरती मौत से संबद्ध कर्मन्याय की आदिम व्यवस्था के बाहर चला जाता है। इस अगले दौर में हम पाते हैं कि स्वर्ग पर देवों का पक्के तौर पर कब्जा हो गया है। साधन और भोग्य पदार्थ, समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग के हाथों में, उसके सनातन अधिकार की तरह केंद्रित-स्थित हो गए हैं। इसलिए साधन-च्युत वर्ग के दानव या असुर, उस पर अपने अधिकार के लिए बार-बार चढ़ाई करते हैं। उसे आदिम सभ्यता वाले दौर के एक तरह के वर्ग-संघर्षों की कथा के रूप में देखा जा सकता है।

मिथक के इस पक्ष को ध्यानपूर्वक 'डीकोड' करने पर हमें इसमें अपने समय की क्रांति- चेतना की व्याख्या के लिए उपयोगी आद्य विचार-प्रारूप मिल सकते हैं। सावधानी के साथ देवासुर संग्रामों की व्याख्या करने पर हम अपने समय के लिए उपयोगी इस विचार सूत्र तक पहुंच सकते हैं कि वर्ग संघर्ष के जरिए केवल सत्ता परिवर्तन वाली क्रांतियां कभी स्थायी नहीं रह सकतीं। एक-न-एक दिन और बड़ी जल्दी वे उखड़ जाती हैं।

इसे ब्रह्मा के 'द' शब्द के उपदेश वाले मिथक में पेश किया गया है। असुरों को जो मानवीय मूल्य दिया गया है, वह है दया यानी 'प्रतिहिंसा' की प्रवृत्ति का त्याग। देवों को 'दमन' या आत्मसंयम की सलाह दी गई है, ताकि वे खुद ही सारे भोग्य पदार्थों को चट न कर जाएं। और समाज के शेष वर्गों में उनके न्यायपूर्ण वितरण की व्यवस्था के अधिकार की रक्षा की जा सके। मनुष्यों को संपत्ति के न्यायपूर्ण वितरण का यह अधिकार, देवों के आत्म-संयम वाले सुशासन में ही मिल सकता है। पर बदले में उन्हें भी, 'द' यानी 'दान' करना पड़ता है। वह इस अर्थ में कि जो मिला है उसे मिल-बांट कर इस्तेमाल करना चाहिए।

इस विचार-सूत्र को आगे बढ़ाएं तो कह सकते हैं कि मौजूदा दौर के भोगवाद या उपभोक्तावाद की जमीन आसुरी सत्ता के बीजों को अंकुरित होने में अधिक मदद करती है। धरती के अधिकांश संसाधन, भोग्य पदार्थों के मुनाफावादी उत्पादन करने-कराने में खप जाते हैं। पर मुनाफाखोरी, लालच के रूप में, 'आसुरी प्रवृत्ति' में बदल जाती है। इसीलिए भोगवादी मूल्यचेतना वाले सत्ता परिवर्तन से आई क्रांति का कोई बड़ा भविष्य नहीं होता। आत्मसंयमी जीवनशैली वाले देवों का शासक होना एक स्थायी व्यवस्था है। इस तरह मिथक हमें वर्गमूलक विचारधारा को सामाजिक मूल्यों के विमर्श में बदलने की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाते हैं।

खुद मिथकों का अंतर्विकास इसी रूप में होता है। सभ्यतामूलक इतिहास की कथाओं से, अगले विकास-चरण वाले मिथक, संस्कृति-विमर्श की कथाओं में बदल जाते हैं। जैसे भारत के समाज में जाति के रूप में सामंती काल का श्रम विभाजन और वर्ण के रूप में कबीलाई दौर का कुल-गोत्र वाला विभाजन, आज भी जड़ें जमाए हुए है। वह सामाजिक व्यवहारों को दूर तक प्रभावित भी करता है। इसलिए मिथकीय चेतना के रूप में जब जातीय स्मृति मनुष्य को अपने समय में उपलब्ध होती है, तो उसका उस स्मृति से न सिर्फ तालमेल बैठ जाता है, बल्कि वह उस अतीत-विवेक से कुछ रौशनी भी प्राप्त करती है। उसे अपने समय के अंतर्विरोधों को सुलझाने के लिए, उस स्मृति से मदद भी मिल जाती है।

इन मिथकों की अंतस्संरचना इंद्र बनाम असुर के संघर्षपूर्ण रिश्तों से ताल्लुक रखती है। जंगलों में आग लगाकर, कृषि योग्य जमीन के विकास का एक नया दौर शुरू होता है। पर हम पाते हैं कि इस संघर्ष में जंगलों के रक्षकों का आखिरकार विनाश होता है। विजय तो आर्थिक विकास के अगले दौर से जुड़ी आर्थिकता से निकली सत्ता व्यवस्था की ही होती है। इससे हम अपने आधुनिक-उत्तराधुनिक पूंजीवादी विकास के मौजूदा दौर को जोड़ सकते हैं। हमारे सामने एक अन्य तरह का मोर्चा खुला हुआ है। हम अवैध भूमि अधिग्रहण और आदिवासियों के विस्थापन के संकटों के रूबरू आ खड़े हुए हैं। इस संदर्भ में यह मिथक हमें 'मानवीय' या 'अहिंसक प्रतिरोध' के रास्ते तलाशने की दिशा दिखाता है।

# मिलावट और मिलीभगत



## बाखबर

सुधीश पचौरी

**एक दिन सबको हिला देने वाली खबर आई कि देश में तिरपन दवाएं नकली/ मिलावटी हैं, जैसे कि 'पैरासिटामोल', विटामिनों की गोलियां, जिनके 'दुष्परिणाम' गंभीर हो सकते हैं। इसके बाद चैनल फौरन ले आए बड़े अस्पतालों के कुछ बड़े डाक्टरों को, जो बताते रहे कि इनको कई कंपनियां बनाती हैं।**

तीन दिन अमेरिका अमेरिका... मोदी मोदी..! लेकिन सवाल वही कि वे अमेरिका जा सकते हैं, मणिपुर नहीं..! फिर आए कुछ अनमोल वचन कि हमने उनकी 'साइकोलोजी' को तोड़ दिया है... वे कानून लाते हैं, हम खड़े हो जाते हैं, वे वापस ले लेते हैं। कैसा 'फासिज्म' है कि विपक्ष तक से डरा-मरा रहता है!

एक कुर्सी भरी है, दूसरी 'खाली कुर्सी की आत्मा' है। भक्त कहिन कि राम की 'खड़ाऊं' शासन कर रही हैं। एक कहिन कि 'खड़ाऊं मुख्यमंत्री' हैं। सौ वचन तोड़ने वाले राम कैसे हुए? भक्त कहिन कि हमारे राम जी हमारे, खड़ाऊं राम जी के! हम जानें, राम जी जानें... तुम कौन? फिर आई बदलापुर की 'बदला खबर' कि बदलापुर के 'बलात्कार के आरोपी' को पुलिस ने रास्ते में 'मुठभेड़' में मारा। एक 'मुठभेड़' और दसियों मानी कि खुदकुशी की, कि चलती बस में बंदूक छीन पुलिस पर गोली चलाई, दो-तीन पुलिस घायल, फिर आत्मरक्षा में पुलिस की गोली सीधे 'बलात्कार के आरोपी' के माथे के बीच और वह ढेर! एक कहिन कि बदलापुर का 'बदला' हो गया। वह 'उन्मादी' था! कुछ भी कर सकता था। लेकिन विपक्ष के सवाल उठते रहे... आखिर 'मुठभेड़' का संज्ञान लेते हुए अदालत की 'फटकार' आई कि इसे 'मुठभेड़' नहीं माना जा सकता।

फिर एक दिन आया उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश कि 'फूड सेफ्टी' के लिए सभी दुकानदारों, रेस्तरां और रेहड़ी, ठेली के मालिक द्वारा आईडी, पता, मोबाइल नंबर, सब प्रदर्शित करना जरूरी। और शाम होते-होते यह आदेश भी विवाद में फंसा कि यह ध्रुवीकरण की कोशिश है... कि, नहीं यह आदेश सभी के लिए है... कि कुछ लोग नाम पहचान छिपाना क्यों चाहते हैं... ऐसा कानून तो पहले से मौजूद है..!

अब पता नहीं कि यह विचार मिलावटी घी के 'प्रसादम्' से आया या कांवड़ के दौरान के 'रुके हुए फैसले' से आया, लेकिन इस बार इसका असर हिमाचल तक में दिखा। एक दिन वहां के मंत्री जी भी कह दिए कि उत्तर प्रदेश की तरह अपने यहां भी 'आइडी शो' की जाए, लेकिन बुरा हो 'कमान' का कि अगले ही दिन कहने लगे के ये सरकार का आदेश नहीं है।

फिर एक दिन एक सांसद जी ने कह दिया कि किसान कानून फिर से लाए जाएं... झोंक में कुछ नेता भी कह दिए कि कानून लाने चाहिए, लेकिन तभी आधिकारिक प्रवक्ता कहिन कि वे अधिकृत प्रवक्ता नहीं... तो अगले दिन कह दिया गया कि माफी जी! लेकिन हाय कर्नाटक के मुख्यमंत्री पर 'मुदा जमीन स्केम' का आरोप और अदालत द्वारा मुकदमा चलाने के लिए आदेश दे देना। ये कैसे दिन हैं कि हर बंदे पर मुकदमा है, फिर भी हर बंदे का गर्वीला 'चेहरा' है! ऐसे हर मुकदमे में 'आरोप' होते हैं, 'प्रत्यारोप' होते हैं और दोनों के बीच बेचारा सच 'त्राहि-त्राहि' करता रह जाता है!

लेकिन मिलावटी घी के 'तिरुपति प्रसादम्' यानी 'लड्डू प्रकरण' ने पीछा न छोड़ा और फिर से लौटा! एक दिन एक नेता जी कहिन कि जब लड्डू के प्रबंधन में कोई 'गैर भक्त' नहीं हो सकता तो 'वक्फ बोर्ड' में कोई 'गैर' क्यों हो। एक एंकर देर तक इस तुलना को 'असंभव' कहता रहा, लेकिन 'वक्फ' वालों ने एक न मानी। इन दिनों हर 'बहस' ऐसी ही 'जिच' में फंस जाती है और कभी-कभी तो 'नियंत्रण के बाहर' ही हो जाती है। जैसा कि एक चैनल ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर 'वक्फ' पर विचार करने वाली संसदीय समिति में बहस के दौरान कुछ सदस्यों के बीच हाथापाई की नौबत तक आ गई। हम तो कहेंगे कि ओम शांतिः शांतिः शांतिः!

फिर एक दिन सबको हिला देने वाली खबर आई कि देश में तिरपन दवाएं नकली/ मिलावटी हैं, जैसे कि 'पैरासिटामोल', विटामिनों की गोलियां, जिनके 'दुष्परिणाम' गंभीर हो सकते हैं। इसके बाद चैनल फौरन ले आए बड़े अस्पतालों के कुछ बड़े डाक्टरों को, जो बताते रहे कि इनको कई कंपनियां बनाती हैं। कई मानकों का खयाल नहीं रखतीं, दाम सस्ते रखती हैं, इसलिए ऐसा होता है। तब एक बहस में एक नागरिक प्रवक्ता ने दो टूक कहा कि आप अब तक कहां थे? आपकी 'मेडिकल एसोसिएशन' क्या कर रही थी? सबकी मिलीभगत लगती है, लेकिन सरकार क्या सो रही है? जांच कराए, अपराधियों से सख्ती से निपटे, नहीं तो सरकार की 'आयुष्मान योजना' भी गई पानी में।

एक पूर्व मुख्यमंत्री 'तिरुपति दर्शन' की कहे, तो कह दिया गया पहले तिरुपति जी के प्रति आस्था की घोषणा करनी होगी, तभी जा सकते हैं!

और अंत में, एक मंत्री से जब एक एंकर ने बार-बार पूछा कि लोकसभा के चुनाव में आपको हराने की कोशिश की गई, तो मंत्री गुस्से में एंकर को कस के डांट दिए कि आप झूठे हो... आप बिल्कुल झूठ बोल रहे हो। और एंकर जी की बोलती बंद!

मेरे पास सिर्फ कृतज्ञता की अनुभूति है। अहसास है कि कोई मुझे नहीं अपनी आस्था को प्रणाम कर रहा है। मैं उसके लिए आस्था का प्रतीक हूं। कोई मेरी आरती उतार रहा है तो वह अपने आराध्य का स्मरण कर रहा है। मैं खुद को एक आम इंसान ही मानता हूं और अपने आराध्य के प्रति लोगों की आस्था की कद्र करता हूं।





# राजनीति में धर्म और जाति के अतिरेक को रोकने का समय

**मेरठ से भाजपा के सांसद अरुण गोविल ने कहा कि राम की भूमिका में लोकप्रिय होने के बाद उन्हें इस बात का पूर्ण अहसास था कि जनता उन्हें नहीं, अपनी आस्था को प्रणाम करती है। राम-मंदिर का निर्माण होना किसी भी तरह राजनीति का मसला नहीं होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या में विपक्ष के असत्य के कारण भाजपा हारी। जनता को डराया गया कि भाजपा आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा नेतृत्व ने जिस स्तर का विकास किया वह संदेश जनता तक नहीं पहुंच पाया। उम्मीद जताई कि भाजपा जल्द ही इस स्थिति से निकल कर अपने प्रचंड जनाधार की ओर वापसी करेगी। मेरठ में अरुण गोविल से कार्यकारी संपादक *मुकेश भारद्वाज* की विस्तृत बातचीत के चुनिंदा अंश।**



● **पूरे देश में आपकी आध्यात्मिक पहचान भगवान राम के प्रतिनिधि के रूप में हुई। आज आप जनता के लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए प्रतिनिधि हैं। रामनीति से राजनीति के इस फर्क को कैसा महसूस कर रहे हैं?**

●● दोनों का अलग-अलग अनुभव है। तब जनता से प्रत्यक्ष संबंध नहीं था, अब प्रत्यक्ष संबंध है। टेलीविजन या फिल्म करते थे तो बाद में नतीजा आता था कि हमारा काम अच्छा है या नहीं। अभी तो आपको तुरंत नतीजे मिलते हैं। बहुत ही ज्यादा फर्क है। लोगों की भावनाओं का आमने-सामने तुरंत अंदाजा लग जाता है। यहां आप अभिनय नहीं कर सकते हैं। अगर करना भी चाहते हैं तो थोड़ी ही देर में आपका असली रूप सामने आ जाता है।

● **हिंदू धर्म के वरिष्ठ प्रतीक के रूप में जब आप लोगों के सामने जाते थे तो आपके प्रति आस्था थी। पहले लोग आपको हाथ जोड़ते थे और अब आपको भी हाथ जोड़ने पड़ते हैं। अब सबकी सुननी है। इस बदले रिश्ते को कैसे देखते हैं?**

●● मेरा लोगों के सामने हाथ जोड़ने का मतलब यह नहीं है कि मुझे उनसे कुछ चाहिए या मैं बहुत नम्र दिखना चाहता हूं। मैं अपने बड़ों को हाथ जोड़ता ही हूं। हाथ जोड़ना और नमस्ते करने में फर्क है। यह मेरे अभिवादन का तरीका है।

● **रामायण में आपके दो सह-कलाकार दीपिका चिखलिया और अरविंद त्रिवेदी नब्बे के दशक में भाजपा की तरफ से राजनीति में आ गए थे। आपका आगमन अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद हुआ। राजनीतिक भूमिका में इस देरी की वजह?**

●● हर चीज को करने का अपना समय होता है और अपना ढंग भी होता है कि आप क्या और कैसे करना चाहते हैं। यही मेरा समय और यही मेरा ढंग था।

● **राजनीतिक रूप से क्या भाजपा आपकी पहली पसंद थी? इसके पहले आप कांग्रेस के मंचों पर देखे जाते थे।**

●● सच कहूं तो मेरा उस समय किसी राजनीतिक पार्टी की तरफ झुकाव था ही नहीं। न किसी से कोई खास लगाव था और न किसी से दुराव। कुछ लोगों से आप मिलते-जुलते रहते हैं तो आपकी पहचान उनके साथ जुड़ जाती है। उस समय इत्तफाकन कांग्रेस के लोग मेरे दोस्त थे।

● **उस दौर को देखें तो सभी सिनेमा कलाकारों की प्राथमिकता कांग्रेस ही होती थी। अमिताभ बच्चन से लेकर सभी मकबूल चेहरे।**

●● उन दिनों कांग्रेस ही प्रमुख राजनीतिक वर्चस्व की पार्टी थी। यह बहुत स्वाभाविक था। उन लोगों का राजनीतिक झुकाव रहा होगा कांग्रेस या किसी और पार्टी के साथ। मेरा किसी के तरफ झुकाव नहीं था।

● **तो अब आपका झुकाव जनता की तरफ रहेगा या पार्टी की तरफ?**

●● अब तो मैं भारतीय जनता पार्टी का सदस्य, कार्यकर्ता और सांसद हूं। जाहिर सी बात है कि पार्टी और उसकी विचारधारा मेरी प्राथमिकता है। पार्टी और उसकी विचारधारा को प्राथमिकता देना, जनता को ही प्राथमिकता देना है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनता का प्रतिनिधि होना मेरे लिए गर्व की बात है।

● **आप ऐसे समय में भाजपा के प्रतिनिधि बने जब उसका प्रचंड जनाधार कम हो रहा है।**

●● मैं कोई अब और तब की योजना बना कर भाजपा में नहीं आया था। हां, इस बार लोकसभा चुनाव के नतीजे 2019 जैसे नहीं थे। लेकिन, मुझे पूरा विश्वास है कि पार्टी जल्द ही इस स्थिति से उबर जाएगी।

● **भगवान राम और उनके प्रतीकों से किसी का कोई विरोध नहीं। लेकिन, बीते चुनावों में भाजपा नेताओं को प्रचार के दौरान भी जनता का खूब विरोध झेलना पड़ा? आपका कैसा अनुभव रहा?**

●● सच कहूं तो मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं रहा। अब जब आप जनप्रतिनिधि के रूप में खड़े होंगे तो लोग आपके सामने समस्या लेकर आएंगे ही।

● **मेरठ आपकी पहली पसंद थी या पार्टी ने आपको यहां के लिए चुना?**

●● मेरी तो पसंद कुछ भी नहीं थी। मुझे बाहर से पता चला कि मेरा नाम चल रहा है इस सीट के लिए। फिर मुझे पार्टी की तरफ से पूछा गया कि क्या आप मेरठ सीट से चुनाव लड़ना चाहेंगे और मैंने स्वीकार किया।

## गोविल क्यों

नब्बे के दशक में रामानंद सागर रामायण को साप्ताहिक धारावाहिक के रूप में लेकर आए। इसने 'दूरदर्शन' को 'रामदर्शन' का पर्याय बना दिया। राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल की ऐसी दिव्य छवि बनी कि आम लोग उन्हें अपने आराध्य के प्रतिनिधि के रूप में देखने लगे। जनवरी 2024 में उत्तर भारत की राजनीति 'मंदिर वहीं बनाएंगे' से लेकर मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा तक पहुंच गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी की नजरें भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने वाले उत्तर प्रदेश पर थी कि प्राण प्रतिष्ठा का राजनीतिक हासिल क्या? राम-छवि के प्रतीक अरुण गोविल मेरठ से चुनाव जीते। लेकिन, अयोध्या में भाजपा को हार मिली। उत्तर भारत की राजनीति में चुनाव बनाम धार्मिक प्रतीकों को समझने के लिए अरुण गोविल से बेहतर और कौन होता?

● **मेरठ में आपके लिए चुनाव अगर थोड़ा मुश्किल हुआ तो उसकी वजह थी कि आपको टिकट मिलने के बाद पार्टी में अंदरूनी कलह हुई। आप इसे कैसे देखते हैं?**

●● देखिए, यह मानव स्वभाव है कि आप किसी चीज के लिए प्रयत्नशील रहें और किसी वजह से आपको नहीं मिले तो नाउम्मीदी होती है। एक चुनाव क्षेत्र में कई लोग मेहनत करते हैं, टिकट मिलने की उम्मीद करते हैं। मुझे टिकट मिलने के बाद कितना बड़ा तबका इसके खिलाफ हुआ मुझे इसका अंदाजा नहीं। लेकिन, यह स्वाभाविक है।

● **अपने एक साक्षात्कार में आपने कहा था कि भगवान राम की भूमिका के बाद आपकी व्यावसायिक सिनेमा से दूरी हो गई। आज इसके नफे-नुकसान को कैसे देखते हैं।**

●● व्यावसायिक संदर्भ तो एक अलग मसला है। जिंदगी में नफे-नुकसान के गणित को समझने बैठता हूं तो क्या जमा किया, क्या ऋण है तो अंततः आज जो मिला उसी वजह से मिला। मैं कोई भी फिल्म कर लेता, किरदार निभा लेता लेकिन यह जो सम्मान है, प्यार है, नहीं मिलता।

● **क्या कभी खुद के प्रति दिव्य होने की अनुभूति होती है?**

●● मेरे पास सिर्फ कृतज्ञता की अनुभूति है। मुझे पता है कि कोई मुझे नहीं, अपनी आस्था को प्रणाम कर रहा है। मैं उसके लिए आस्था का प्रतीक हूं। कोई मेरी आरती उतार रहा है तो वह अपने आराध्य का स्मरण कर रहा है। मैं अपने को एक आम इंसान ही मानता हूं और अपने आराध्य के प्रति लोगों की आस्था की कद्र करता हूं।

● **मेरठ के सांसद के रूप में लोगों की आपसे जो उम्मीदें थीं तात्कालिक तौर पर कितनी पूरी हो पाईं?**

●● मेरठ में औद्योगिक क्षेत्र को लेकर काम शुरू हो चुका है। इसके साथ ही 250 हेक्टेयर में जो प्रयागराज एक्सप्रेसवे बनना है उसे 500 हेक्टेयर यानी दुगुना करवाया गया। रोजगार का क्षेत्र प्राथमिकता है। 421 महिलाओं को रघुनाथ कालेज में नियुक्ति पत्र मिला। लोन मेले में उद्योगपतियों की समस्या का निस्तारण किया। मेरठ को सौर ऊर्जा से चालित शहर के रूप में विकसित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। यहां के लिए वंदे भारत ट्रेन परियोजना दो साल से लटकी हुई थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से मुलाकात के बाद यह भी शुरू हो गई।

● **आज व्यावसायिक सिनेमा का पैमाना सिनेमा घरों में टिकट खिड़की की बिक्री का नहीं रहा। ओटीटी मंचों ने पूरा परिदृश्य बदल दिया है। क्या आपको लगता है इससे सिनेमा को नुकसान पहुंचा?**

● सच कहिए तो इस संदर्भ में फायदा या नुकसान जैसी कोई चीज नहीं होती है। यह एक उद्योग है जो समय के साथ बदला, जिसके कारण काम और अवसर भी बढ़ गए। समय के साथ विषयवस्तु बदल गए हैं। पहले पारिवारिक मनोरंजन की चीजें बनती थीं अब नहीं बनती हैं। फायदे या नुकसान के बरक्स यह देखने की जरूरत है कि काम के अवसर कितने बढ़ चुके हैं।

● **रामानंद सागर के बाद रामायण पर आधारित बहुत सारे धारावाहिक और सिनेमा बने, लेकिन अरुण गोविल जैसी सफलता किसी को नहीं मिली। अभी एक बड़े बजट की फिल्म आने वाली है जिसमें रणवीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे। आपने उन्हें शुभकामना भी दी है। रणवीर कपूर ने जिस तरह 'एनिमल' जैसी हिंसा प्रधान फिल्म में भूमिका निभाई है तो क्या लोग उन्हें भगवान राम की सौम्य छवि के रूप में स्वीकार पाएंगे?**

●● इसका बेबाक जवाब है, किसी भी फिल्म या किरदार की सफलता की भविष्यवाणी कोई भी नहीं कर सकता है।

● **कोरोना के समय भी रामानंद सागर के रामायण का पुनर्प्रसारण हुआ। यानी राम की भूमिका के पर्याय के रूप में आप ही रहने वाले हैं?**

●● रामायण और राम आस्था के सवाल हैं और लोगों की आस्था इससे जुड़ चुकी है।

> मैं भारतीय जनता पार्टी का सदस्य, कार्यकर्ता और सांसद हूं। पार्टी और उसकी विचारधारा मेरी प्राथमिकता है। पार्टी और उसकी विचारधारा को प्राथमिकता देना, जनता को ही प्राथमिकता देना है। भाजपा की ओर से जनता का प्रतिनिधि होना गर्व की बात है।



● **भाजपा पर एजंसियों के उग्र इस्तेमाल के आरोप लगते हैं। विपक्ष का आरोप है कि भ्रष्टाचार के मामलों में सिर्फ उसे ही लक्षित किया जाता है।**

●● देखिए, हम लोकतंत्र में रहते हैं। यहां हर कोई ईमानदार तो नहीं है। गलत चीजों को ठीक करने के लिए कोई तो आगे आएगा ही। बिना कानूनी प्रक्रिया के इस्तेमाल किए एजंसियों का इस्तेमाल किया ही नहीं जा सकता है। अगर पहले भ्रष्टाचार पर बेपरवाही थी, सुस्ती थी तो इसका मतलब यह नहीं कि वही सब सही था और आज गलत हो रहा है।

● **आज की राजनीति में वंशवाद एक बड़ा मुद्दा है। आपका क्या कहना है?**

●● राजनीति में ऐसा माहौल बनना चाहिए कि हर योग्य को मौका मिले। एक ही परिवार का वर्चस्व होने से लोकतंत्र प्रभावित होगा। आपका योग्य होना ही राजनीति में आने की योग्यता होनी चाहिए।

● **2014 में भाजपा के प्रचंड बहुमत में आने के बाद कांग्रेस सहित हर दल के लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं उन्हें भी पार्टी शामिल कर रही है। आरोप लगे कि भाजपा की धुलाई मशीन में आते ही भ्रष्टाचार के आरोप का दागी बेदाग हो जाता है। इस स्थिति को आप कैसे देखते हैं।**

●● देखिए, मैं उस स्तर पर बात नहीं करना चाहता। मैं एक बुनियादी समझ के साथ कहता हूं कि इन मुद्दों को तय करने के लिए पार्टी के शीर्ष पदों पर लोग हैं। आज मैं मेरठ का सांसद क्यों हूं? क्योंकि पार्टी के लोगों ने तय किया। इसके बाद अगर मैं अपना काम ईमानदारी से नहीं करूंगा तो भला जनता मुझे क्यों रहने देगी? मैं पूरी ईमानदारी से बेदाग रहते हुए काम करना चाहता हूं।

● **मेरठ में आपकी मौजूदगी लगातार रहेगी?**

●● आप देख ही रहे हैं। भविष्य तो नहीं जानता, अगले पांच साल तक यहां के लोग मुझे अपने साथ हमेशा पाएंगे। जो लोग सवाल उठा रहे थे कि चुनाव जीतने के बाद मैं अदृश्य हो जाऊंगा उन्हें जवाब मिल चुका है।

● **किसान आंदोलन एक बड़ा मुद्दा रहा और अभी आपकी समकक्ष सांसद के कारण पार्टी को इसे लेकर परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस मुद्दे को आप कैसे देखते हैं।**

●● राजनीति में यह बहुत आम है कि कुछ लोग अपने हितों को देख कर एक साथ होते हैं। लेकिन हमें तो किसानों ने भी वोट दिया है। मुझे पूरा यकीन है कि भाजपा इस मुद्दे को हल कर लेगी।

● **बेरोजगारी का संकट आज बड़ा सवाल है। इसे लेकर क्या हो सकता है?**

●● बेशक, यह बड़ा सवाल है। हमारी जनसंख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। हमारे विकास की गति तेज है तो रोजगार की जरूरत वाली जनसंख्या में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। इस पर जल्द काबू पाने की रणनीति है और सफलता भी मिलेगी।

● **क्या राजनीति में सेवानिवृत्ति की कोई उम्र होनी चाहिए?**


●● राजनीति या किसी भी क्षेत्र में जब तक कोई इंसान शारीरिक व मानसिक रूप से कार्य करने में सक्षम है तब तक उसे मौका मिलना चाहिए।

● **आपने राम की भूमिका अदा की और जनता के बीच एक अलग ही दर्जा पाया। आज राम के नाम पर राजनीति को कैसे देखते हैं?**

●● कहां हो रही है राम के नाम पर राजनीति? अपने आराध्य देव का मंदिर बनाना राजनीति कैसे हो सकती है? मंदिर बनना ही था, अदालत ने फैसला दिया।

● **अयोध्या में जनता ने भाजपा को स्वीकार क्यों नहीं किया?**

●● विपक्ष ने बेसिर-पैर का आरोप लगाया कि भाजपा संविधान बदल देगी, आरक्षण खत्म कर देगी। विपक्ष के असत्य ने अयोध्या में भाजपा की छवि खराब की।



● **आरक्षण के मुद्दे पर आपका क्या मानना है?**

●● आरक्षण वृहत्तर स्तर पर संवैधानिक मुद्दा है। यह एक बड़े राजनीतिक बहस का विषय है, जिस पर सावधानी और सतर्कता से बात करनी होती है। मेरी चिंता यह है कि राजनीति में धर्म का अतिरेक हो रहा है। जातिगत राजनीति बुरी तरह हावी है। ऐसी राजनीति हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण करेगी।

● **तो क्या वक्त आ गया है कि इस तरह की राजनीति पर रोक लगाई जाए।**

●● इस पर रोक तभी लगेगी जब हम विकास के मुद्दे पर जनता की चेतना को जागृत कर सकेंगे। भाजपा के नेतृत्व ने देश का जितना विकास किया वह भी लोगों के पास नहीं पहुंच सका।

● **क्या आपको लगता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में कमी आई है?**

●● देखिए, इस तरह की किसी बात पर मेरा भरोसा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने शब्दों के पक्के हैं। वे जो कहते हैं उसे कर दिखाते हैं। कर्मयोगी हैं।

> आरक्षण वृहत्तर स्तर पर संवैधानिक मुद्दा है। यह एक बड़े राजनीतिक बहस का विषय है, जिस पर सावधानी और सतर्कता से बात करनी होती है। मेरी चिंता यह है कि राजनीति में धर्म का अतिरेक हो रहा है। जातिगत राजनीति बुरी तरह हावी है।

*प्रस्तुति : मृणाल वल्लरी*
*विशेष सहयोगः राजीव रंजन तिवारी*

www.readwhere.com



## ऐ भाई...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जम्मू की जनसभा में जुटे समर्थक।

## दिल्ली से भेजे गए लोगों से रहें सावधान, करें खारिज : फारूक

जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले नैशनल कांफ्रेंस (नैकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मतदाताओं से अपने सम्मान और गरिमा को प्राथमिकता देने एवं उन उम्मीदवारों को खारिज करने की अपील की, जिन्हें उन्होंने 'दिल्ली द्वारा भेजा गया' 'छिपा हुआ शैतान' बताया। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव का तीसरा और आखिरी चरण एक अक्तूबर को है। इस चरण में जम्मू क्षेत्र की 24 और कश्मीर घाटी की 16 सीटों के लिए मतदान होगा।



इस चुनाव में नैशनल कांफ्रेंस- कांग्रेस गठबंधन की संभावनाओं की चर्चा करते हुए अब्दुल्ला ने विश्वास व्यक्त किया कि यह 90 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत हासिल करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा इस केंद्रशासित प्रदेश में सत्ता नहीं हासिल करेगी। अंतिम चरण के चुनाव के वास्ते जोर-शोर से चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के रविवार को समाप्त होने से पहले नेकां अध्यक्ष ने लोगों से वोट डालने के वक्त सोच समझकर निर्णय लेने की भावुक अपील की। उन्होंने बेहतर भविष्य के लिए मतदान के महत्त्व पर बल दिया।

## कठुआ में नहीं उतर सका प्रियंका का हेलिकाप्टर, सभाएं रद्द

कांग्रेस ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर कठुआ जिले के बिलावर निर्वाचन क्षेत्र में प्रियंका गांधी के हेलिकाप्टर को उतारने में मदद न करके पार्टी के प्रचार अभियान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। प्रियंका गांधी को दोपहर बाद जम्मू क्षेत्र के बिलवाड़ा और बिश्नाह निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करना था। वह बिलावर नहीं जा सकीं, क्योंकि उनका हेलिकाप्टर वहां उतर नहीं सका। बिलावर में उन्हें पूर्व मंत्री एवं पार्टी उम्मीदवार डा मनोहर लाल के लिए प्रचार करना था।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को हेलिकाप्टर में खराबी आने के कारण रैली स्थल पर नहीं पहुंच सके थे। राहुल गांधी को जम्मू क्षेत्र के छम्ब और रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करना था। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) के मुख्य प्रवक्ता रविंदर शर्मा ने कहा, 'हम बिलावर में चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए प्रियंका गांधी के हेलिकाप्टर को उतारने में मदद नहीं करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से सवाल करते हैं।'

## रंगदारी के डर से व्यापारियों का हो रहा पलायन : हुड्डा

कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर हरियाणा की भाजपा सरकार पर निशाना साधाते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि फिरौती के डर से व्यापारी दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि युवा रोजगार की कमी के कारण अन्य राज्यों और दूसरे देशों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा से प्रतिभाशाली युवाओं और व्यापारियों का लगातार पलायन बहुत चिंताजनक है। हुड्डा ने कैथल जिले के जाखोली में चुनावी रैली में कहा, 'भाजपा सरकार ने हरियाणा को पलायन राज्य बना दिया है, कंपनियां, युवा, व्यवसायी राज्य से पलायन कर रहे हैं। रंगदारी के डर से कंपनियां और व्यापारी हरियाणा से पलायन कर रहे हैं और रोजगार के अभाव में युवा अन्य राज्यों और देशों की ओर जा रहे हैं।'



### हिसार की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तंज, मुख्यमंत्री की दौड़ में 'बापू और बेटा' भी

# कांग्रेस 'अर्बन नक्सल' के चंगुल में

जनसत्ता ब्यूरो

**हरियाणा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हरियाणा के हिसार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस 'अर्बन नक्सलियों' के चंगुल में है और कांग्रेस में हर कोई हरियाणा में मुख्यमंत्री बनने के लिए मारामारी कर रहा है तथा 'बापू' (भूपेंद्र सिंह हुड्डा) और 'बेटा' (दीपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार है।

मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोग हर घाव सह सकते हैं, लेकिन देश के विरुद्ध कोई बात सहन नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शहरी नक्सलियों के चंगुल में है। कांग्रेस के नेता विदेश जाते हैं तो वहां उन लोगों से मिलते हैं, जो भारत के खिलाफ बोलते हैं।

मोदी ने याद किया, जब हरियाणा में पार्टी संगठन के लिए काम किया था और कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि हरियाणा ने मुझे बहुत कुछ दिया, बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने कहा कि हर जगह से एक ही आवाज सुनाई दे रही है 'भरोसा दिल से, भाजपा फिर से।' हरियाणा में पांच अक्तूबर को मतदान होना है।

मोदी ने कहा कि मतदान का दिन नजदीक आने के साथ कांग्रेस नेताओं ने यह कहना शुरू कर दिया है कि हरियाणा में भी उन्हें मध्य प्रदेश जैसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनावों में कांग्रेस ने झूठ का सहारा लिया, लेकिन उनके झूठ का गुब्बारा फूट गया और हरियाणा में भी यही होने जा रहा है। कांग्रेस का यह हश्र इसलिए हो रहा है कि वह देश की धोखेबाज और बेईमान पार्टी है। पड़ोस में हिमाचल प्रदेश में देखिए, उन्होंने क्या किया है। चुनाव के दौरान उन्होंने क्या-क्या झूठ बोला, आप कल्पना भी नहीं कर सकते और सत्ता में आने के बाद वे अपने किए वादों से भाग रहे हैं। लोग अब कांग्रेस से कह रहे हैं 'क्या हुआ तेरा वादा।' कांग्रेस लोगों से पूछ रही है 'तुम कौन।' उन्होंने गांधी परिवार पर हमला बोलते हुए कहा, 'दिल्ली के शाही परिवार ने हिमाचल की जनता को अपने झूठ में फंसाया। आज हिमाचल के कर्मचारियों को वेतन और डीए (महंगाई भत्ता) देने के लिए उनके पास बजट नहीं है। जहां भी कांग्रेस है वहां स्थिरता नहीं आ सकती।

हरियाणा में कांग्रेस में गुटबाजी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जो पार्टी अपने नेताओं के बीच एकता नहीं ला सकती, वह राज्य में स्थिरता कैसे लाएगी। आप देख रहे हैं कि यहां (हरियाणा में) कांग्रेस में लोग मुख्यमंत्री बनने के लिए आपस में ही मारामारी कर रहे हैं। बापू (भूपेंद्र हुड्डा) भी दावेदार है और बेटा (दीपेंद्र) भी दावेदार हैं। दोनों मिलकर बाकियों को निपटाने में लगे हैं और यह सब देखकर हरियाणा के जागरूक नागरिक कांग्रेस को निपटाने में लग पड़े हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने तन-मन-धन से दिल्ली के शाही परिवार की सेवा की और अब वे ही पूछ रहे हैं कि उनसे क्या गलती हुई। मोदी ने कहा कि यहां कांग्रेस का हर गुट हर सीट पर एक दूसरे को पटखनी देने में लगा हुआ है। इस गुटबाजी के बीच कांग्रेस में दलितों और पिछड़ों के लिए दरवाजे बंद है। कांग्रेस जानती है कि दलित उसे वोट नहीं देता, इसलिए वह पूरे दलित समाज से नफरत करती है। आप खुद देखिए कांग्रेस के राज में गोहाना में दलितों पर अत्याचार हुआ, मिर्चपुर कांड हुआ, दलित बेटियों के साथ अत्याचार और अन्याय हुआ, लेकिन कांग्रेस चुप रही।



जम्मू की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### 'जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला अस्थायी'

जम्मू में एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश में बदलने का फैसला 'अस्थायी' है और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार क्षेत्र का राज्य का दर्जा बहाल करेगी। विपक्षी दलों कांग्रेस, नैशनल कांफ्रेंस (नैकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर निशाना साधते हुए उन्होंने इन पर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि यह भाजपा ही है जिसने भेदभाव को समाप्त किया है। एक अक्तूबर को विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले एमएएम स्टेडियम में मोदी ने कहा कि लोग शांति और बेहतर भविष्य की उम्मीद में हैं।

### प्रचार अभियान



भिवानी जिले के तोशाम की एक जनसभा में कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी उम्मीदवार अनिरुद्ध चौधरी व अन्य नेता।

## राजपूत बहुल बसोहली में रोचक हुआ मुकाबला, पूर्व सांसद पर टिकीं निगाहें

जनसत्ता ब्यूरो

**जम्मू एवं कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बसोहली विधानसभा क्षेत्र पर सभी की निगाहें हैं जहां तीन बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके चौधरी लाल सिंह को चौथी बार अपने पारंपरिक गढ़ को फिर से हासिल करने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जिले में छह विधानसभा क्षेत्र हैं जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच स्पष्ट लड़ाई नजर आती है।

अनूठी 'बसोहली पेंटिंग' के लिए प्रसिद्ध और रावी नदी के किनारे स्थित बसोहली ने सिंह और उनकी पत्नी कांता अंडोत्रा को नौ चुनावों में से चार बार जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भेजा है, जबकि यहां से कांग्रेस ने कुल मिलाकर सात बार जीत हासिल की है। पीडीपी के योगिंदर सिंह और बसपा के पंकज कुमार भी मैदान में हैं। असली लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में है।

यहां सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। लाल सिंह के लिए 20 साल बाद यह सीट कांग्रेस के खाते में वापस लाना कड़ी चुनौती है। लाल सिंह 2014, 2019 और 2024 में लगातार तीन लोकसभा चुनाव केंद्रीय मंत्री डा जितेंद्र सिंह से हार चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने बसोहली खंड में 14,000 मतों की बढ़त हासिल की थी। सिंह ने 2014 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर जीत हासिल की थी। यह सिंह के लिए एक कठिन मुकाबला है, खासकर राजपूत समुदाय के दो अन्य प्रतिद्वंद्वियों की मौजूदगी में।

राजपूतों की आबादी यहां 60 फीसद है। लाल सिंह 1996 में पहली बार बसोहली से विधायक चुने गए। वह 2002 में फिर से चुने गए और कांग्रेस-पीडीपी गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बने। उन्होंने 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में उधमपुर सीट जीती।

तीन बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके चौधरी लाल सिंह चौथी बार अपने पारंपरिक गढ़ से मैदान में हैं।



लाल सिंह

## उम्मीदवारों से पहले के वादों का हिसाब मांग रहे मतदाता

जनसत्ता

**नाराजगी**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश स्तर पर अब तक जहां एक ओर केवल नौकरियों व दलित उत्पीड़न का मुद्दा छाया रहा, वहीं दूसरी ओर, हलका स्तर पर लोग अब प्रत्याशियों से हिसाब मांग रहे हैं। प्रदेश में चुनाव प्रचार शुरू होने से लेकर अब तक अनेक ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जहां लोगों ने प्रत्याशियों से उनके पिछले कार्यकाल के दौरान वादों पर सार्वजनिक सभाओं के दौरान हिसाब मांगा और हिसाब नहीं देने पर प्रत्याशियों को जनता के विरोध का सामना करना पड़ा।

जिला जींद की नरवाना सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी चुनाव प्रचार के लिए गांव कर्मगढ़ गए थे। वहां लोगों ने भाजपा प्रत्याशी से कहा कि किसान आंदोलन में उनके समर्थन में उन्होंने कोई बात क्यों नहीं की। पार्टी से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। गांव भिखेवाला में भी युवाओं ने बेदी को घेरकर नौकरियों पर जवाब मांगा। प्रत्याशी समर्थकों तथा ग्रामीणों के बीच धक्का मुक्की भी हुई।

नायब सरकार में राज्य मंत्री रहे नांगल चौधरी विधानसभा से प्रत्याशी अभय सिंह यादव का अहीर बाहुल्य कोरियावास गांव में विरोध हुआ। यहां कुछ युवाओं ने उनसे सवाल पूछे। युवक प्रदीप ने कहा कि आपने किया क्या है, फिर वोट क्यों दें। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भर्तियों को रोक कर बैठ गए, जिसके कारण युवा परेशान हैं।

फतेहाबाद के रतिया से भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को गांव भूथन कलां में किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। किसानों ने दुग्गल पर सांसद होते हुए उनकी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। टोहाना विधानसभा के गांव चंद्रावल में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली की जनसभा में किसानों ने जमकर हंगामा हो चुका है। किसानों ने गांव की समस्याओं और पुरानी मांगों बबली से रपट मांगी। ग्रामीणों ने पुराने मांग पत्र भी दिखाए जो बबली को विकास एवं पंचायत मंत्री रहते हुए दिए गए थे।



अटेली विधानसभा में पड़ने वाले गांव स्याणा पूर्व विधायक सीता राम को घेरकर उनके गांव की गलियों के निर्माण नहीं होने पर सवाल पूछे गए। गांव चंद्रावल में तो बबली को अपनी घोषणाएं पूरी नहीं होने पर माफी तक मांगनी पड़ी। झज्जर में भाजपा के प्रत्याशी कप्तान बिरधाना जब विकास की बात कर रहे थे तो गांव लडायन में लोग उन्हें जनसभा से उठाकर ले गए और गांव उन गलियों में उतार दिया जहां बारिश का पानी जमा था।

विपक्षी दल कांग्रेस में भी कुछ ही ऐसे ही हालात बने हुए हैं। हिसार से कांग्रेस उम्मीदवार रामनिवास राड़ा का सैनी समाज और सैनी न्याय संघर्ष समिति द्वारा एक ट्रस्ट के मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है। कालका से पूर्व कांग्रेस विधायक एवं वर्तमान प्रत्याशी प्रदीप चौधरी का अवैध खनन व सड़क निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों ने विरोध किया और जवाब मांगा।

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं कांग्रेस प्रत्याशी राम निवास घोड़ेला को जनसभा के दौरान उस समय विरोध का सामना करना पड़ा जब एक व्यक्ति मंच पर चढ़ गया और कहा कि हुड्डा सरकार में वादे के बावजूद उनके गांव से किसी भी युवक को नौकरी नहीं मिली है। जिस पर घोड़ला ने समूचे गांव से माफी मांगी।

जजपा के कोटे से मंत्री रहे अनूप धानक इस समय भाजपा की टिकट पर उकलाना से चुनाव लड़ रहे हैं। वह 2014 व 2019 में भी यहां से विधायक रह चुके हैं। गांव श्याम सुख में तो ग्रामीणों ने अनूप से दस साल का रपट कार्ड मांगा और नहीं देने पर उनकी हार को लेकर शर्त तक लगा डाली।

# भाई-बहन की लड़ाई में दोस्ती निभाने उतरे सहवाग

### तोशाम सीट पर बंसीलाल के परिवार के अनिरुद्ध और श्रुति आमने-सामने

जनसत्ता ब्यूरो

**समीकरण**

भिवानी जिले में तोशाम विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में सांसद किरण चौधरी की पुत्री श्रुति चौधरी मैदान में हैं, जबकि अनिरुद्ध चौधरी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। श्रुति और अनिरुद्ध चचेरे भाई-बहन हैं। दोनों बंसीलाल परिवार से हैं। हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रहे अनिरुद्ध चौधरी के पक्ष में टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मतदान की अपील की है। इस कारण यहां की लड़ाई रोचक हो गई है।

हरियाणा कांग्रेस की दिग्गज नेत्री रहीं किरण चौधरी कुछ माह पहले भाजपा में शामिल हो गईं थीं। बाद में पार्टी ने उन्हें राज्य सभा पहुंचा दिया। किरण चौधरी ने अपनी बेटी श्रुति को भिवानी जिले के तोशाम विधानसभा सीट से भाजपा का टिकट दिला दिया।

श्रुति के मुकाबले कांग्रेस ने उनके चचेरे भाई और हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रहे अनिरुद्ध चौधरी को मैदान में उतारा है। तोशाम सीट पर बंसीलाल परिवार के भाई-बहन के बीच की सियासी लड़ाई की चर्चा तो पहले से ही चल रही थी। इस बीच चर्चाओं ने नया मोड़ तब ले लिया जब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) के जरिए एक वीडियो साझा किया है। इसमें उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी का समर्थन करते हुए एक 'स्टेटस' डाला है। सहवाग ने अनिरुद्ध सिंह के उस वीडियो को साझा किया है, जिसमें वे लोगों से वोट देने की अपील कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी अनिरुद्ध चौधरी के जिस वीडियो को सहवाग ने साझा किया है, उसमें अनिरुद्ध चौधरी कहते हुए दिख रहे हैं कि 'मैं कोई काम करूंगा तो आपके प्यार के कारण करूंगा, आपके समर्थन के कारण करूंगा, आपके सहयोग के कारण करूंगा, आपके और मेरे बीच कोई भी तीसरा आदमी नहीं होगा।'

अनिरुद्ध चौधरी बीसीसीआइ के पूर्व कोषाध्यक्ष और हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रहे हैं। अनिरुद्ध के पिता रणबीर बीसीसीआइ में उच्च पदों पर काम कर चुके हैं। वे विधायक भी रहे। अनिरुद्ध चौधरी अंडर-19 इंडिया क्रिकेट टीम के प्रबंधक रहे। इसके अलावा साल 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया के प्रबंधक रहे। ऐसे में वीरेंद्र सहवाग के साथ उनका लंबा समय गुजरा है। अब इसी वजह से सहवाग भी उनके समर्थन में दिख रहे हैं।


अनिरुद्ध चौधरी अपने दादा के नाम और उनके जैसा काम करने के वादे पर वोट मांग रहे हैं। हालांकि वे अपनी बहन भाजपा उम्मीदवार श्रुति चौधरी और चाची किरण के खिलाफ कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।



श्रुति चौधरी



वीरेंद्र सहवाग



अनिरुद्ध चौधरी

अनिरुद्ध चौधरी के जिस वीडियो को सहवाग ने साझा किया है, उसमें वे कहते हुए दिख रहे हैं कि 'मैं कोई काम करूंगा तो आपके प्यार के कारण, आपके समर्थन व सहयोग के कारण।'

## खबर कोना

### यूक्रेन : चिकित्सा केंद्र पर रूसी हमले में आठ लोगों की मौत

कीव, 28 सितंबर (एपी)।

यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी शहर सुमी में एक चिकित्सा केंद्र पर रूस ने शनिवार सुबह लगातार दो हमले किए जिसमें कम से कम आठ लोग मारे गए। यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इगोर क्लिमेंको ने कहा कि पहले हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मरीज और कर्मचारी जब बाहर निकल रहे थे तब रूस ने फिर से हमला किया। सुमी के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमले में शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। सुमी शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सी ड्रोज्डेंको ने बताया कि हमले में ग्यारह अन्य लोग घायल हुए हैं।



*ऐश्वर्या राय* बच्चन अबू धाबी के यास आइलैंड में आईफा पुरस्कार के दौरान।

### कृषक समुदायों को न्यूयार्क जलवायु सप्ताह से न्याय व कार्रवाई की उम्मीद

नई दिल्ली, 28 सितंबर(ब्यूरो)।

विश्व के नेता और अन्य हितधारक न्यूयार्क जलवायु सप्ताह में एकत्रित हुए हैं, ऐसे में भारत के कमजोर कृषक समुदाय जलवायु वित्त में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें इस बात का अहसास हो गया है कि जलवायु परिवर्तन का उनके जीवन पर असंगत प्रभाव पड़ रहा है, भले ही वे इसके लिए जिम्मेदार न हों। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार तक देश में सामान्य 857.5 मिमी वर्षा के मुकाबले 917.8 मिमी वर्षा हुई। इसके बावजूद पश्चिमोत्तर भारत के मैदानी इलाकों, सिंधु-गंगा के मैदानों के बड़े हिस्से और पूर्वोत्तर भारत के लगभग आधे हिस्से में कम बारिश हुई है। केवल वर्षा की कमी ही नहीं, बल्कि अत्यधिक गर्मी की भी समस्या है। मुख्य रूप से पूर्वोत्तर में, जहां इस सप्ताह के प्रारंभ तक लू की स्थिति थी, जिससे कई किसानों की खरीफ फसल खतरे में पड़ गई है। एक ओर न्यूयार्क 22 से 29 सितंबर तक जलवायु सप्ताह का आयोजन कर रहा है, जो जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।

### सुनीता विलियम्स सहित दो अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बचाव अभियान शुरू

केप कैनेवेरल, 28 सितंबर (एपी)।

स्पेसएक्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शनिवार को एक बचाव अभियान शुरू किया है, जिसके तहत उन्हें धरती पर वापस लाने के लिए एक छोटा दल भेजा गया है, लेकिन यह अभियान अगले साल तक पूरा हो सकेगा। नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव को बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को वापस लाने का काम सौंपा गया था। चूंकि नासा अंतरिक्ष स्टेशन के कर्मचारियों को लगभग हर छह महीने में बदलता है, इस नई उड़ान में विलमोर और विलियम्स के लिए दो खाली सीटें हैं और यह फरवरी के अंत में वापस आएगी।

# सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है भारत : भूटान

संयुक्त राष्ट्र, 28 सितंबर (भाषा)।

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और 'ग्लोबल साउथ' में अपने नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। तोबगे ने भूटान के सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) की श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर से मिले 'समर्थन व मित्रता' को लेकर हार्दिक आभार जताया।



शेरिंग तोबगे

तोबगे ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र को आज की दुनिया की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद का मौजूदा स्वरूप अतीत की निशानी है। हमें ऐसी परिषद की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान भू-राजनीतिक, आर्थिक परिदृश्य और सामाजिक वास्तविकताएं झलकती हों। उन्होंने कहा कि भूटान लंबे समय से 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद में सुधार करने की पैरवी करता रहा है ताकि इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाया जा सके। तोबगे ने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनाने का भी समर्थन किया है।

उन्होंने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति, जनसंख्या तथा ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। तोबगे ने जापान को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन किया।

# बांग्लादेश में राजनीतिक दल बनाने पर मंथन कर रहा हिंदू समुदाय

ढाका, 28 सितंबर (भाषा)।

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नेता एक समर्पित राजनीतिक दल के गठन पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जो अस्थिरता और भय के माहौल में उनकी सुरक्षा तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत को दर्शाता है।

'बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी)' और अन्य संगठनों के हिंदू नेता अब पृथक राजनीतिक दल के गठन या आरक्षित संसदीय सीट की मांग की संभावना पर चर्चा करने में लगे हैं। 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश में हिंदू कुल जनसंख्या का करीब 22 फीसद थे लेकिन आज करीब आठ फीसद रह गए हैं।

बीएचबीसीओपी के प्रेसिडियम सदस्य काजल देबनाथ ने एजंसी से कहा कि फिलहाल तीन विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पहला, 1954 से पृथक निर्वाचन प्रणाली पर लौटना दूसरा, हिंदुओं के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी का गठन और तीसरा, अल्पसंख्यकों के लिए संसद में सीट आरक्षित करना। देबनाथ ने बताया कि बीएचबीसीओपी द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के हिसाब से हिंदू समुदाय पर हमले की 2010 घटनाएं हुईं जिनमें हत्या, मारपीट, यौन हमला, मंदिरों पर हमला और संपत्ति नष्ट किया जाना शामिल है। वैसे, इन हमलों की संख्या पर बांग्लादेश सरकार की ओर से कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। हिंदू समुदाय के नेता राजन कर्माकर ने कहा कि एक राजनीतिक दल बनाने के बारे में चर्चा एवं विचारों का आदान-प्रदान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

# 'बिम्सटेक के साथ संबंध मजबूत करने को प्रतिबद्ध है भारत'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी 'पड़ोस प्रथम' और 'एक्ट ईस्ट' नीतियों के अनुरूप सात देशों के समूह 'बिम्सटेक' के साथ व्यापक भागीदारी की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जयशंकर ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय सत्र के इतर न्यूयार्क में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। यह बैठक बिम्सटेक नेताओं के शिखर सम्मेलन की तैयारी करने के लिए की गई।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा में हमारे करीबी सहयोग का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र में भौतिक, समुद्री और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण, कौशल विकास और परस्पर संपर्क में सुधार लाने के अवसर तलाश किए। विदेश मंत्री ने कहा कि बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र का विकास एक सामूहिक संकल्प है। पड़ोसी प्रथम, विजन सागर और एक्ट ईस्टी नीति की तर्ज पर बिम्सटेक के साथ व्यापक भागीदारी के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत भारत अपने सभी पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप क्षेत्रीय भागीदारों के साथ समुद्री सहयोग विकसित किया है। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति पहल का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ आर्थिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना है।




न्यूयार्क में 'बिम्सटेक' के अनौपचारिक विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करते एस जयशंकर।

### *यूएई, सिंगापुर, उज्बेकिस्तान, डेनमार्क के अपने समकक्षों से की मुलाकात*

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने और मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया। उन्होंने शुक्रवार को सिंगापुर के अपने समकक्ष विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सिंगापुर की विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ लंबी बातचीत अच्छी रही। उन्होंने उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव से भी मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि आज न्यूयार्क में उज्बेकिस्तान के प्रधानमंत्री सैदोव से मिलकर बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि तुर्कमेनिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रसित मेरेडोव के साथ गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई।

### *श्रीलंका से भारतीय मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित की जाए : राहुल*

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से आग्रह किया कि वह गिरफ्तार भारतीय मछुआरों का विषय श्रीलंका के समक्ष उठाएं और उनकी रिहाई सुनिश्चित करें। राहुल गांधी ने 21 सितंबर को श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा 37 तमिल मछुआरों की गिरफ्तारी और उनकी नौकाओं को जब्त करने के संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखा है। कांग्रेस नेता के अनुसार, उन्हें मछुआरों की गिरफ्तारी के बारे में तमिलनाडु से सांसद आर सुधा ने सूचित किया है। पत्र में उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा छोटे और सीमांत भारतीय मछुआरों को पकड़े जाने और संपत्ति की अन्यायपूर्ण जब्ती और भारी जुर्माना लगाने की बार-बार होने वाली घटनाओं की कड़ी निंदा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया इस मामले को श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ उठाएं और मछुआरों और उनकी नौकाओं की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करें।



खतरनाक

काठमांडो में बाढ़ के कारण शनिवार को बागमती नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है।

# बाइडेन ने हिजबुल्लाह प्रमुख की मौत को न्यायोचित ठहराया

वाशिंगटन, 28 सितंबर (एपी)।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शनिवार को हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्ला की मौत को उसके चार दशक के आतंक के शासन से मुक्ति का एक तरीका बताया।

बाइडेन ने बताया कि नसरल्ला को निशाना उस संघर्ष के व्यापक परिप्रेक्ष्य में बनाया गया, जो सात अक्तूबर, 2023 को हमास द्वारा इजराइलियों के नरसंहार के साथ शुरू हुआ था। बाइडेन ने एक बयान में कहा कि (उस हमले के) अगले दिन नसरल्ला ने हमास के साथ हाथ मिलाने और इजराइल के खिलाफ 'उत्तरी मोर्चा' खोलने का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने यह भी कहा कि नसरल्ला के नेतृत्व में हिजबुल्लाह हजारों अमेरिकियों की मौत के लिए जिम्मेदार है।

### राजनयिकों के परिवारों को लेबनान छोड़ने का आदेश

वाशिंगटन, 28 सितंबर (एपी)।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शनिवार को अपने उन राजनयिकों के परिवारों को लेबनान छोड़ने का आदेश दिया है, जो बेरूत स्थित दूतावास द्वारा नियुक्त नहीं हैं।

इसने साथ ही दूतावास के गैर-जरूरी कर्मचारियों को भी वहां जाने की अनुमति दे दी। यह निर्णय लेबनान की राजधानी में अस्थिर सुरक्षा स्थिति के कारण लिया गया है। यह कदम इजराइली हमले में चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह नेता की मौत के बाद उठाया गया है।

# व्यक्ति के लापता होने के 30 साल बाद घर से मिला कंकाल

हाथरस, 28 सितंबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के एक गांव से 30 साल पहले लापता हुए एक व्यक्ति का शव हाल में ही उसके घर से बरामद किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक कंकाल मिलने से मृतक के सबसे छोटे बेटे का यह दावा सही साबित हुआ कि उसके पिता की हत्या उसके दो बड़े भाइयों ने की थी, जिन्हें बाद में घर में दफना दिया गया था।

यह चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब मृतक के सबसे छोटे बेटे पंजाबी सिंह ने अपने दो बड़े भाइयों प्रदीप कुमार और मुकेश कुमार पर अपने पिता की हत्या करने तथा शव को पैतृक घर में दफनाने का आरोप लगाया। पुलिस ने कंकाल को फारेंसिक जांच के लिए भेज दिया है तथा भाइयों, उनकी मां और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गिलौंडपुर गांव के निवासी पंजाबी सिंह ने अपने बचपन की एक घटना को याद करते हुए बताया कि लापता होने से एक रात पहले उनके भाइयों ने उनके पिता के साथ बहस की थी। पंजाबी सिंह ने शनिवार को कहा कि मैं जब छोटा था तो अपने पिता के साथ सोता था। मुझे अभी भी याद है कि एक रात मेरे दो बड़े भाई जो उस समय बीस साल के थे, एक दूसरे व्यक्ति के साथ मेरे पास आए और मुझे दूसरे कमरे में सोने के लिए कहा। इस घटना के समय नौ साल के पंजाबी सिंह ने याद करते हुए कहा कि मैं उस रात सो नहीं सका। इसलिए मैंने बाहर जाकर देखने का फैसला किया। तभी मैंने अपने भाइयों को एक कमरे में अपने पिता से लड़ते हुए सुना। मैं डर गया और एक कोने में छिप गया। अगले दिन, उसे घर के बरामदे में एक नया खोदा गया गड्ढा दिखा।

### संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ ने सुप्रीम कोर्ट में 'बुलडोजर' मामले में हस्तक्षेप की मांग की

# 'दंडात्मक विध्वंस मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

बुलडोजर कार्रवाई मामले में संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक प्रोफेसर बालकृष्णन राजगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट की सहायता के उद्देश्य से एक हस्तक्षेप अर्जी दाखिल की है।

राजगोपाल ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के परिप्रेक्षय से उचित दिशा-निर्देश तैयार करने में न्यायालय की सहायता करने के लिए यह कदम उठाया है। उनका कहना है कि कथित रूप से दंडात्मक कारणों से किए गए विध्वंस मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर रूप हैं। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ विभिन्न राज्य सरकारों पर दंडात्मक उपाय के रूप में अपराध के आरोपी व्यक्तियों के घरों को ध्वस्त करने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

*संरा* मानवाधिकार परिषद क ओर से नियुक्त विशेषज्ञ बालकृष्णन राजगोपाल ने कहा कि कथित मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के विपरीत हैं।

दो सितंबर को पीठ ने चिंताओं को दूर करने के लिए अखिल भारतीय दिशा-निर्देश निर्धारित करने का इरादा व्यक्त किया था। 17 सितंबर को अदालत ने एक अंतरिम आदेश पारित किया कि न्यायालय की अनुमति के बिना देश में कोई भी विध्वंस नहीं होना चाहिए। लेकिन सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमण के संदर्भ में अदालत ने यह शर्त नहीं लगाई। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ बालकृष्णन राजगोपाल ने कहा कि कथित मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के विपरीत हैं। जिसमें पर्याप्त आवास का अधिकार भी शामिल है और ये असंगत हैं और इसलिए उचित प्रक्रिया का अभाव है।

उनका दावा है कि उन्हें यह सुनिश्चित करने में गहरी दिलचस्पी है कि भारत, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के सदस्य के रूप में, मानवाधिकारों का सम्मान करे और अधिकारों की उसकी व्याख्या अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के अनुरूप हो। कथित रूप से दंडात्मक कारणों से किए गए मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर रूप हैं।

### दिव्यांगों को वित्तीय बाजार से जुड़ने में सक्षम बनाने की तैयारी | पहल | सेवाओं में भाग लेने के खुलेंगे नए अवसर

# प्रमुख मौद्रिक शब्दों का हुआ सांकेतिक भाषा में अनुवाद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

दिव्यांगजनों तक पहुंच को बेहतर बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए म्यूचुअल फंड, आइपीओ, बांड और निवेशक जैसे प्रमुख मौद्रिक शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल एक बड़े सहयोग का हिस्सा है जिसका लक्ष्य वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है ताकि उन्हें वित्तीय बाजारों से पूरी तरह जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके। इन संकेतों का अनुवाद किए जाने से बधिर समुदाय के लिए वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के नए अवसर खुलेंगे।

*दिव्यांग* मामलों के सचिव के अनुसार, नए विकसित संकेतों में 'म्यूचुअल फंड', 'आइपीओ', 'बांड' और 'निवेशक' जैसे प्रमुख शब्द शामिल हैं। इन्हें वीडियो डेमो के जरिये देखा जा सकता है। इन संकेतों के अनुवाद से बधिर समुदाय के लिए वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के नए अवसर खुलेंगे।

*भारतीय* सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। यह शब्दकोश एक समर्पित वेबसाइट और 'साइन लर्न' नाम के एक निशुल्क एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि नए विकसित संकेतों में 'म्यूचुअल फंड', 'आइपीओ', 'बांड' और 'निवेशक' जैसे प्रमुख शब्द शामिल हैं। इन्हें वीडियो डेमो के जरिये देखा जा सकता है। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। अब यह शब्दकोश एक समर्पित वेबसाइट और 'साइन लर्न' नाम के एक निःशुल्क एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध है। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार ने बताया कि वित्तीय शब्दों के अलावा, केंद्र ने अपने शब्दकोश का विस्तार करने के लिए अन्य संगठनों के साथ भी भागीदारी की है। उन्होंने बताया कि अकादमिक शब्दावली एनसीईआरटी के सहयोग से विकसित की गई है जबकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की शब्दावली चंडीगढ़ स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान से प्राप्त जानकारी के आधार पर बनाई गई है। ये संसाधन 'साइन लर्न' मंच पर भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, सिप्ला, इंफोसिस और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन सहित विभिन्न संगठनों में जागरूकता सत्र भी आयोजित कर रहा है। सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र अनुवादकों और प्रशिक्षकों के लिए अपने डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का विस्तार करके सांकेतिक भाषा के क्षेत्र में योग्य पेशेवरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी काम कर रहा है।

वर्ष 2024-25 सत्र के लिए 120 बधिर विद्यार्थियों और 90 श्रवण बाधित विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है।

# प्रवासी भारतीय नागरिक कार्डधारकों के दिशा-निर्देशों में कोई नया बदलाव नहीं

न्यूयार्क, 28 सितंबर (भाषा)।

न्यूयार्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआइ) कार्डधारकों पर प्रतिबंध लगाए जाने की खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि हाल ही में 'कोई नया बदलाव' नहीं किया गया है।

वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें ऐसी खबरें मिली हैं जिनमें गलत सूचना फैलाई जा रही है कि हाल के दिनों में ओसीआइ कार्डधारकों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि भारतीय अमेरिकी समुदाय के मित्रों को सूचित किया जाता है कि ओसीआइ कार्ड धारकों के लिए हाल के दिनों में कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। इसमें कहा गया है कि ओसीआइ कार्ड धारकों के अधिकारों के बारे में चार मार्च, 2021 की अधिसूचना के प्रावधान 'अब भी लागू हैं।'

www.readwhere.com

## खबर कोना

### गुलवीर ने राष्ट्रीय रेकार्ड के साथ पांच हजार मीटर में स्वर्ण पदक जीता

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

भारत के गुलवीर सिंह ने शनिवार को जापान के निगाटा में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रेकार्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल हांगझाङ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर ने विश्व एथलेटिक्स के इस 'ब्रांज लेवल मीट' में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर अपने पिछले राष्ट्रीय कीर्तिमान में सुधार किया।

### बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

बीजिंग, 28 सितंबर (भाषा)।

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा।



*बेजिंग* के नेशनल टेनिस सेंटर में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दौरान डेनमार्क की क्लारा टासन को हराने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इटली की जैस्मीन पाओलिनी।

### रिकेलटन व हेंडरिक्स के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका जीता

अबुधाबी, 28 सितंबर (एपी)।

रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी20 मैच में आठ विकेट से हरा दिया। रिकेलटन ने करिअर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया। आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जाएगा।

### न्यूजीलैंड 88 रन पर ढेर, गंवा सकता है मुकाबला

गाल, 28 सितंबर (एपी)।

मेजबान श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे टैस्ट में फालोआन के लिए मजबूर न्यूजीलैंड पर टैस्ट क्रिकेट में अपनी सबसे बड़ी हार का खतरा मंडरा रहा है। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए, जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम 514 रन से पिछड़ी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टाम लैथम (0) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर तीन रन बनाए।



*कानपुर :* बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टैस्ट के दूसरे दिन शनिवार को बारिश के कारण कवर से ढकी गई पिच।

परेशानी

# बारिश के कारण कानपुर टैस्ट के दूसरे दिन का खेल रद्द

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 28 सितंबर।

भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टैस्ट के दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे कानपुर के ग्रीन पार्क मैदान पर दूसरे दिन खेल नहीं हो सका।

मैदानकर्मियों ने सुबह 11 बजकर 15 मिनट के आसपास बारिश रुकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा दो बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है लेकिन सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। ऐसे में मैच ड्रा की ओर बढ़ता दिख रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे, जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे।

तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के विकेट लिए थे।

**टैस्ट क्रिकेट**

*भारत* दो मैचों की शृंखला में पहला टैस्ट 280 रन से जीतकर 1-0 से आगे है।

*मैदानकर्मियों* ने सुबह 11 बजकर 15 मिनट के आसपास बारिश रुकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा दो बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा।

# नेपाल को हरा कर फाइनल में पहुंची भारत की अंडर-17 टीम

नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजंसी)।

**फुटबाल**

भारत की अंडर-17 फुटबाल टीम ने शनिवार को भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गए सेमी फाइनल मैच में नेपाल की अंडर 17 टीम को 4-2 से हरा दिया। इस जीत से सैफ अंडर 17 चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय टीम ने प्रवेश किया।

भारत की ओर से विशाल यादव ने दो गोल किए, जबकि ऋषि सिंह और हेमनेइचंग लुंकिम ने एक-एक गोल दागा। भारतीय टीम सोमवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाले दूसरे सेमी फाइनल के विजेता से भिड़ेगी।

मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें बहुत ज्यादा मौके नहीं बना पाईं। भारत को 12वें मिनट में एक मौका मिला, जब गेंद मोहम्मद अरबाश के पास आई। गोलकीपर को लाइन से बाहर देखकर अरबाश ने शाट मारा लेकिन गेंद सुरक्षित तरीके से ऊपर चली गई और गोल से बाहर चली गई। खेल के पहले हाफ तक दोनों टीमों की ओर से कोई गोल नहीं कर पाया। भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में जबरदस्त खेल दिखाया।

61वें मिनट में विशाल यादव ने गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। इसके बाद विशाल ने सात मिनट बाद 68वें मिनट में एक और गोल किया और स्कोर 2-0 कर दिया।

# मकाऊ ओपन के सेमी फाइनल में हारी त्रीशा-गायत्री की जोड़ी

मकाऊ, 28 सितंबर (भाषा)।

**बैडमिंटन**

त्रीशा जाली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को शनिवार को यहां सेमी फाइनल में सीह पेई शैन और हुंग एन-जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद चीनी ताइपे की दुनिया की 54वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम में 17-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया की 23वें नंबर की जोड़ी त्रीशा और गायत्री की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ इस साल यह तीसरी हार है। सीह और हुंग ने अच्छी शुरुआत करते हुए 8-5 की बढ़त बनाई और फिर लगातार पांच अंक के साथ 13-8 से आगे हो गई।

भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 15-15 किया लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने इसके बाद बेहतर खेलते दिखाते हुए पहला गेम जीत लिया। त्रीशा और गायत्री ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाए हुए थे। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद बढ़त 17-12 की और फिर गेम जीतकर मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींच दिया। सीह और हुंग ने तीसरे और अंतिम गेम में शानदार शुरुआत करते हुए 14-2 की बड़ी बढ़त बनाई।

# तेज गेंदबाज मयंक यादव भारतीय टीम में शामिल, वरुण की वापसी

## सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम में हार्दिक पंड्या भी

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

भारत के सबसे तेज गेंदबाज मयंक यादव को शनिवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लगभग पांच महीने के रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में वापस बुलाया गया है।

सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम में केवल एक और वरिष्ठ खिलाड़ी पूर्व टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या शामिल हैं। हाल में आइपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को चुना गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2021 में संयुक्त अरब अमीरात में निराशाजनक टी20 विश्व कप अभियान के तीन साल बाद टीम में वापस बुलाया गया है।

पंड्या और शिवम दुबे के बाद बैकअप हरफनमौला नितीश रेड्डी को भी मौका मिला है जो चोट के कारण हाल में जिम्बाब्वे दौरे से बाहर हो गए थे। रियान पराग, अभिषेक शर्मा, हर्षित राणा जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है, जिसमें संजू सैमसन के बाद दूसरे विकेटकीपर के रूप में जितेश शर्मा हैं।

सबसे बड़ी हैरानी निश्चित रूप से मयंक का शामिल किया जाना है, जिन्होंने अपने आइपीएल के चार में से तीन मैच के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की जिससे वह लगातार 'प्लेयर आफ द मैच' रहे, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। आइपीएल के बीच में दिल्ली के 22 वर्षीय मयंक को पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण बाहर कर दिया गया था।

हाल में एनसीए में प्रतिदिन 14-15 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं। रणजी ट्राफी में लाल गेंद के प्रारूप में खेलने से पहले राष्ट्रीय चयन समिति और मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए बांग्लादेश शृंखला में यह देखने का सबसे अच्छा मौका है कि वह केवल चार ओवर गेंदबाजी करने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे तालमेल बिठा रहे हैं।

**टी20 क्रिकेट**



मयंक यादव।

*भारतीय* टीम बांग्लादेश के खिलाफ ग्वालियर (6 अक्तूबर), नई दिल्ली (9 अक्तूबर) और हैदराबाद (12 अक्तूबर) में तीन टी20 मैच खेलेगी।

*गौतम* गंभीर की देखरेख में केकेआर के विजयी आइपीएल अभियान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चक्रवर्ती को हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका दौरे पर 14 मैचों में 21 विकेट लेने के बावजूद नजरअंदाज कर दिया गया था। हालांकि समझा जाता है कि गंभीर चक्रवर्ती को लेने के लिए बहुत उत्सुक थे।

*टीम* : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

## कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने आइओसी को पत्र लिखकर उठाया सवाल

# उषा पर तानाशाही से काम करने का आरोप

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और कार्यकारी परिषद के विद्रोही सदस्यों के बीच विवाद ने एक और बदसूरत मोड़ ले लिया क्योंकि 12 सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के वरिष्ठ अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया।

गुरुवार को हुई आइओए की बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई, जिसमें उषा ने रघुराम अय्यर को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से हटाने की उनकी अपील को सिरे से खारिज कर दिया। आइओसी में संस्थागत संबंध और शासन के प्रमुख पोइवे को लिखे पत्र में इन 12 सदस्यों ने कहा कि वे चाहते हैं कि राष्ट्रीय संस्था का संचालन लोकतांत्रिक तरीके से हो। उषा ने अपनी ओर से पहले ही कहा है कि अय्यर की नियुक्ति पांच जनवरी को कार्यकारी परिषद बैठक में आइओए संविधान का सख्ती से पालन करते हुए की गई थी, जिसकी वीडियोग्राफी की गई थी जिससे इस फैसले से पीछे हटने का कोई कारण नहीं था।

कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

उन्होंने लिखा, 'अगले दो महीनों के अंदर अध्यक्ष के साथ मिलकर एक उपयुक्त उम्मीदवार को नियुक्त करने का लक्ष्य है। हम आइओए अध्यक्ष के आचरण से बहुत चिंतित हैं जिनका तानाशाही व्यवहार हमेशा खेदजनक रहा है।

**12 सदस्यों ने किए हस्ताक्षर**

*वरिष्ठ* उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ शर्मा, भूपेंद्र सिंह बाजवा, रोहित राजपाल, डोला बनर्जी, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए।



# मुशीर की हालत स्थिर, नहीं खेलेंगे ईरानी और रणजी ट्राफी

लखनऊ, 28 सितंबर (भाषा)।

**हादसा**

भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान के छोटे भाई मुंबई के हरफनमौला मुशीर खान की लखनऊ के बाहरी इलाके में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हालत अब स्थिर है लेकिन वह आगामी ईरानी कप से शुरू होने वाले क्रिकेट सत्र से लेकर लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे।

मुशीर (19 साल) के गर्दन में चोट लगी है, जिसके कारण उनके कम से कम तीन महीने तक क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है। इससे वह 11 अक्तूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्राफी 2024-25 सत्र की शुरुआत में मुंबई के मैचों से बाहर हो गए हैं। पता चला है कि मुशीर एक अक्तूबर से शुरू होने वाले ईरानी कप के लिए अपने गृहनगर आजमगढ़ से लखनऊ जा रहे थे लेकिन उनकी कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। मुशीर के साथ उनके पिता नौशाद खान भी थे, जिन्हें भी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुई इस दुर्घटना में मामूली खरोंच आई हैं।

लखनऊ के मेदांता अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर भोला सिंह ने एक बयान में कहा कि मुशीर खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बयान में कहा, 'पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए क्रिकेटर मुशीर खान को गर्दन में दर्द के कारण मेदांता अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया। उनका उपचार आर्थोपेडिक्स विभाग के निदेशक डाक्टर धर्मेंद्र सिंह की देखरेख में चल रहा है।'

उन्होंने कहा, 'उनकी हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं।' मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने कहा कि मुशीर की हालत स्थिर है और वह पूरी तरह से होश में है।

वर्ष 2006 में एशियाई कप के फाइनल में पहुंची थी टीम | **फुटबाल** | मंगोलिया को 4-1 से बुधवार को हराया था

# क्वालीफायर में भारत के सामने लाओस की चुनौती

वियनतियाने, 28 सितंबर (भाषा)।

ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबाल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी।

भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल चरण में पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी। भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है।

प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा।

भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद 88वें मिनट में एक गोल गंवा बैठी। टीम ने इससे पहले बुधवार को मंगोलिया को 4-1 से हराया था। भारत को मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए हर हाल में इस मैच को जीतना होगा। ईरान के खिलाफ हार के बावजूद कोच रंजन चौधरी ने टीम के खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ जबरदस्त खेल खेला। उन्होंने सब कुछ सही ढंग से किया। उन्होंने सभी योजनाओं को पूर्णता के साथ क्रियान्वित किया लेकिन जब आप ईरान जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ खेलते हैं एक छोटा सा मौका देना भी आपको भारी पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, यह हमारे लिए अंत नहीं है। लाओस के खिलाफ हमें अपने ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच को जीतने के बारे में सोचना होगा। मेजबान लाओस ने भी अपने शुरुआती मैच में ईरान के हाथों मिली 0-8 की हार की निराशा से उबरते हुए मंगोलिया को 6-0 से शिकस्त दी थी।

*भारत* को मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए हर हाल में इस मैच को जीतना होगा। ईरान के खिलाफ हार के बावजूद कोच रंजन चौधरी ने टीम के खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

*लाओस* ने शुरुआती मैच में ईरान के हाथों मिली हार की निराशा से उबरते हुए मंगोलिया को हराया था।



*चौधरी* ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ जबरदस्त खेल खेला। उन्होंने सभी योजनाओं को पूर्णता के साथ क्रियान्वित किया।

# एआइटीए ने पदाधिकारियों का चुनाव किया, अदालत के निर्देश पर परिणाम रुका

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा)।

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआइटीए) ने शनिवार को नए पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार परिणाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

अदालत में महासंघ द्वारा खेल संहिता के उल्लंघन की याचिका पर सुनवाई जारी है। एआइटीए को अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में चुनाव करवाना था, लेकिन मतदान की जरूरत नहीं हुई क्योंकि निर्वाचन अधिकारी को प्रत्येक पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ था। इस चुनाव में नए अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा आठ उपाध्यक्ष, चार संयुक्त सचिव और कार्यकारी परिषद के दस सदस्य चुने गए हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 316

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
**बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com